TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition

कर्ज के दबाव में रची लूट की झूठी कहानी (पेज-3)
पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-17 | मूल्य ₹7 | गुरुवार | दिनांक- 16.07.2026

## मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में मना भव्य रथयात्रा महोत्सव

- भगवान का रथ पूरी तरह शुद्ध लकड़ी से निर्मित होता है
- रथ में विराजमान होकर ठाकुर राजाधिराज ने किया मंदिर प्रांगण में भ्रमण



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज तृतीय पीठाधीश्वर की आज्ञा और गरिमामयी उपस्थिति में ठाकुर द्वारकाधीश महाराज ने रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। महोत्सव के दौरान ठाकुर जी के दर्शनों के लिए विशेष समय सारणी रही। प्रातः काल मंगला और श्रृंगार के दर्शन आम दर्शनार्थियों के लिए खोले गए। रथयात्रा के विशेष दर्शनों की पहली झांकी सुबह 10 बजे खुली। इसके बाद दूसरी, तीसरी और चौथी झांकी दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक खुली रही। दोपहर की सेवा प्रणालियों के बाद, सायंकाल 4.30 बजे से 5 बजे तक शयन के विशेष दर्शन हुए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ कमाया। इस महोत्सव का सीधा संबंध जगन्नाथ पुरी से है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आज ही के दिन भगवान श्री कृष्ण, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा जी के साथ जगन्नाथ पुरी में नगर भ्रमण पर निकलते हैं। इस रथयात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भगवान का यह रथ पूरी तरह शुद्ध लकड़ी से निर्मित होता है। मान्यता के अनुसार, इस विशाल रथ के निर्माण में लोहे की एक भी कील का उपयोग नहीं किया जाता; पूरा रथ केवल लकड़ी के जोड़ों से तैयार होता है। सनातन परंपरा में यह अटूट विश्वास है कि श्जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथश, अर्थात भगवान जगन्नाथ का महाप्रसाद हर किसी के लिए वंदनीय और कल्याणकारी है। मान्यता है और ठाकुर जगन्नाथ जी का चावल का ही भोग लगता है आज के दिन और यहां पुष्टिमार्ग संप्रदाय में ठाकुर जी का आम जामुन घोड़े के लिए चने की दाल का प्रसाद लगता है।

## सोनम वांगचुक का अनशन, स्वरा भास्कर प्रदर्शन में शामिल हुईं

एजेंसी, नई दिल्ली।

जंतर-मंतर पर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक अनशन पर बैठे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के साथ चल रहे इस आंदोलन को अब बॉलीवुड सेलिब्रिटीज का समर्थन मिल रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री स्वरा भास्कर खुद प्रदर्शन स्थल पर पहुंचीं और सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

वहीं, आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान, शबाना आजमी और रूबीना दिलैक जैसी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर सोनम वांगचुक से अपना अनशन खत्म करने की भावुक अपील की है। उनका कहना है कि देश को सोनम जैसे सच्चे लोगों की बहुत जरूरत है।

प्रदर्शन स्थल पर पहुंचीं स्वरा भास्कर मंगलवार को अभिनेत्री स्वरा भास्कर दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे प्रदर्शन में शामिल हुईं। उन्होंने वहां पहुंचकर सोनम वांगचुक और अभिजीत से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें कॉकरोच जनता पार्टी के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर की गईं। इसके कैप्शन में लिखा गया कि बेबाक और निडर



अभिनेत्री स्वरा भास्कर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

सोनी राजदान ने की भावुक अपील सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर अब चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को अभिनेत्री सोनी राजदान ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर उनसे अनशन खत्म करने की अपील की। सोनी राजदान ने लिखा कि प्रिय सोनम वांगचुक, हम सब आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। कृपया हमें इस तरह छोड़कर न जाएं।

कांग्रेस नेतृत्व ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का समर्थन नहीं किया है, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों, सोनम वांगचुक और देश के युवाओं के नाम एक भावुक खुला पत्र लिखकर उनका समर्थन किया है।

## ममता, बोलीं- 'गद्दारों' के लिए जनता से माफी मांगती हूं, अभिषेक का किया बचाव

एजेंसी, कोलकाता।

टीएमसी के कई बागी नेताओं ने पार्टी छोड़ने के लिए अभिषेक बनर्जी के कथित मनमाने रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसे माहौल में पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी के समर्थन में मजबूती से सामने आईं। बुधवार को उन्होंने 'गद्दारों की ओर से जनता से माफी मांगी और कहा कि न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार ने राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए कभी कोई समझौता किया है।

### क्या अभिषेक को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है?

टीएमसी में बढ़ती फूट के बीच अभिषेक बनर्जी के बचाव में अब तक का सबसे मुखर सार्वजनिक बयान देते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद अभिषेक को पार्टी पर हमलों का 'बहाना' बना दिया गया है। राजनीतिक लड़ाई छोड़कर 'राहत' हासिल करने के बजाय अभिषेक ने संघर्ष का रास्ता चुना और इसके लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। फेसबुक लाइव के



जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अभिषेक बनर्जी को एक बहाना बना दिया गया है। उनके परिवार के सदस्यों को समन भेजा गया। अगर वह चाहते तो राहत पा सकते थे, लेकिन वह लड़ाई के मैदान से भागे नहीं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष जारी रखा है, उनकी सभी कमियों को माफ किया जा सकता है।

### बागी नेताओं के आरोप क्या हैं?

हाल के हफ्तों में टीएमसी छोड़ने वाले कई वरिष्ठ नेताओं ने अभिषेक बनर्जी पर पार्टी को तानाशाही तरीके से चलाने और संगठन में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर निशाना साधते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मैं गद्दारों की ओर से जनता से माफी मांगती हूं। मैंने अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए कभी अपनी अंतरात्मा नहीं बेची। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार राजनीतिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने कभी समझौता करने का रास्ता नहीं चुना।

### समझौता करने वालों पर क्या बोलीं?

पार्टी बदलने वाले नेताओं पर परोक्ष हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मैंने समझौता किया होता, तो हमें इतनी प्रताड़ना नहीं झेलनी पड़ती। जिन्होंने समझौता किया है, उनके पास अपने कई बैग और सामान हैं। यह दावा करते हुए कि भाजपा जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल कर नेताओं पर दबाव बना रही है, ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि कई नेताओं ने डर की वजह से पार्टी छोड़ी है। लोकसभा और राज्यसभा में हमारे अभी भी 18 सांसद हैं। जो सांसद 'सेटिंग कंपनी' में शामिल हुए हैं, उन्होंने ऐसा इसलिए किया है क्योंकि वे पुलिस से डरते हैं।

## विवि कर्मचारी संघ की राजनीति का बदला 'सिलेबस', अनिल बने अध्यक्ष

### लगातार छह बार से अध्यक्ष रहे अखिलेश चौधरी का तिलिस्म टूटा





टीएनएफ टुडे, आगरा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की राजनीति का 'सिलेबस' बुधवार को बदल गया। कर्मचारी संघ के चुनाव में लगातार छह बार से अध्यक्ष रहे अखिलेश चौधरी का तिलिस्म टूट गया। उन्हें चुनाव में हराते हुए अनिल श्रीवास्तव की अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई। वहीं महामंत्री पद पर सुमित चौधरी ने जीत हासिल कर अपनी मजबूत दावेदारी साबित कर दी। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। कर्मचारी नेताओं ने इसे विश्वविद्यालय कर्मचारी राजनीति में बदलाव का संकेत बताया। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ के पांच पदों–अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, सहमंत्री (संयुक्त सचिव) और कोषाध्यक्ष–के लिए बुधवार को मतदान कराया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कुल 347 मतदाताओं में से 344 कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे चुनाव में लगभग शत-प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ।

इस बार कर्मचारी संघ चुनाव को लेकर काफी समय तक असमंजस बना रहा। चुनाव तिथि घोषित कराने के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल श्रीवास्तव और महामंत्री पद के प्रत्याशी सुमित चौधरी को धरने पर भी बैठना पड़ा था। काफी प्रयासों के बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित हुआ और पांच पदों के लिए कुल 17 प्रत्याशी मैदान में उतरे।

अध्यक्ष पद पर अनिल श्रीवास्तव ने 194 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अखिलेश चौधरी को 140 मत मिले। इस हार के साथ अखिलेश चौधरी का लगातार जीत का क्रम भी टूट गया। अखिलेश चौधरी लगातार छह बार से अध्यक्ष निर्वाचित होते आ रहे थे। कर्मचारी राजनीति में उनका व्यापक प्रभाव रहा है। अनिल श्रीवास्तव इससे पहले कई बार कर्मचारी संघ का चुनाव लड़ चुके थे। चार बार महासचिव पद के लिए प्रत्याशी बने लेकिन दो बार ही सफलता मिली।

### महामंत्री पद पर सुमित चौधरी की जीत

महामंत्री पद पर सुमित चौधरी ने 151 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी निखिल शर्मा को 111 मत, जबकि संजय चौहान को 67 मत मिले। सुमित चौधरी की जीत भी पहले से लगभग तय मानी जा रही थी और कर्मचारियों का उन्हें व्यापक समर्थन मिला।

### अन्य पदों के परिणाम

उपाध्यक्ष पद पर आशु सिंह ने 188 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि कुलदीप यादव को 142 मत मिले। सहमंत्री (संयुक्त सचिव) पद पर राहुल पचौरी ने 159 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके मुकाबले प्रभाशंकर को 98 मत तथा राहुल चाहर को 73 मत मिले।कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला बेहद रोचक रहा। इसमें ईशान शर्मा ने 88 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। अन्य प्रत्याशियों में कालीचरण यादव को 87 मत, पवन कुशवाहा को 73 मत, अशोक कुमार को 44 मत तथा निशांत पचौरी को 34 मत मिले।

### चुनाव अधिकारी ने बताया शांतिपूर्ण रहा मतदान

चुनाव अधिकारी प्रो. बृजेश रावत ने बताया कि कर्मचारी संघ का चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुआ। मतदान और मतगणना दोनों प्रक्रियाएं बिना किसी विवाद के पूरी हुईं।

> ''मेरा पहला लक्ष्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान कराना होगा।''
>
> अनिल श्रीवास्तव
> नवनिर्वाचित अध्यक्ष, कर्मचारी संघ

### मोदी कैबिनेट ने ले लिये बड़े फैसले, किसानों और नौजवानों को दे डाली बड़ी सौगात

## अब विकास की रफ्तार होगी और तेज



एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में देश की विनिर्माण क्षमता, बुनियादी ढांचे, कृषि, परिवहन और समुद्री क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद इन निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को और गति देने के लिए सरकार ने सेमिकॉन 2.0 को भी 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी। यह कार्यक्रम चिप डिजाइन, मशीनों एवं कच्चे माल के निर्माण, नए फैब स्थापित करने, एटीएमपी/ओसैट इकाइयों के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास तथा प्रतिभा विकास जैसे छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। सरकार का लक्ष्य भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाना है। अब तक सेमिकॉन 1.0 के तहत 12 विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि 105 स्टार्टअप चिप डिजाइन के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं।

### वाराणसी को मिलेगा दो नया एलिवेटेड कॉरिडोर

इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए भी कैबिनेट ने दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को मंजूरी दी। पहली परियोजना के तहत एनएच-19 से वाराणसी रिंग रोड तक गंगा तट के समानांतर 46.04 किलोमीटर लंबे छह लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण 14,447.64 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। वहीं दूसरी परियोजना के अंतर्गत वरुणा नदी के किनारे एनएच-31 से वाराणसी रिंग रोड तक 43.22 किलोमीटर लंबे 6/4 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण 10,998.32 करोड़ रुपये की लागत से होगा। दोनों परियोजनाओं से शहर में यातायात जाम में उल्लेखनीय कमी आएगी, यात्रा समय लगभग आधा रह जाएगा तथा काशी विश्वनाथ धाम, बीएचयू, रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट और प्रमुख लॉजिस्टिक केंद्रों तक बेहतर संपर्क सुनिश्चित होगा। ये परियोजनाएं पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप बहु-मॉडल कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेंगी।

### ओडिशा और झारखंड के लिए दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी

साथ ही रेलवे क्षेत्र में कैबिनेट ने ओडिशा और झारखंड में लगभग 3,907 करोड़ रुपये की लागत वाली दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें पारादीप-हरिदासपुर रेलखंड का दोहरीकरण तथा राजखरसावां-दांगोआपोसी खंड पर चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से भारतीय रेल नेटवर्क में लगभग 145 किलोमीटर की वृद्धि होगी, 1,526 गांवों और लगभग 14 लाख लोगों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा तथा कोयला, लौह अयस्क, चूना पत्थर और अन्य खनिजों के परिवहन में तेजी आएगी। साथ ही हर वर्ष 44 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी, जिससे लॉजिस्टिक लागत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### यूरिया प्रोडक्शन के लिए नई निवेश नीति को मंजूरी

इसके अलावा, कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कैबिनेट ने राष्ट्रीय यूरिया निवेश नीति-2026 (निपू-2026) को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत देश में गैस आधारित नए यूरिया संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार के अनुसार नई नीति में पारदर्शी लागत निर्धारण, 12 से 16 प्रतिशत तक रिटर्न ऑन इक्विटी तथा विदेशी मुद्रा जोखिम को कम करने जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं। इससे प्रत्येक नए संयंत्र पर 250 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का अनुमान है और आयात पर निर्भरता कम होगी।

साथ ही समुद्री क्षेत्र में भी सरकार ने दो रणनीतिक परियोजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। गुजरात के पोरबंदर में लगभग 2,000 एकड़ क्षेत्र में ग्रीनफील्ड शिपबिल्डिंग क्लस्टर विकसित किया जाएगा, जबकि वाडिनार में 1,570 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत सुविधा स्थापित की जाएगी। इन परियोजनाओं से भारत की जहाज निर्माण एवं मरम्मत क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बड़े वाणिज्यिक जहाजों की विदेशी मरम्मत पर निर्भरता घटेगी तथा रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित होंगे। कुल मिलाकर, केंद्रीय मंत्रिमंडल के ये निर्णय 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत', 'पीएम गतिशक्ति' और 'विकसित भारत' के विजन को आगे बढ़ाने वाले माने जा रहे हैं। मोबाइल और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से लेकर रेलवे, सड़क, उर्वरक और समुद्री अवसंरचना तक फैले इन फैसलों का उद्देश्य विनिर्माण क्षमता बढ़ाना, रोजगार सृजित करना, लॉजिस्टिक लागत घटाना, निर्यात को प्रोत्साहित करना तथा भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में और अधिक सशक्त बनाना है।

## आगरा में विकास या विकार की दौड़

### मेट्रो' का रोमांच और 'कालेजों' के मैदानों का बलिदान

विशेष सम्पादकीय

ताज की नगरी में इन दिनों एक नई पहेली चल रही है-"घर से निकलो तो मेट्रो का दर्शन पाओ, और जाम में फंसकर वापस लौट जाओ।" सचमुच, आगरा के बाशिंदे वाकई बड़े दिल वाले हैं, जो मरम्मत और विकास के नाम पर रोजाना अपने कीमती घंटे सड़क पर 'होम' कर रहे हैं। जिस शहर की पहचान प्यार और मोहब्बत की दास्तां से हो, वहां मेट्रो के नाम पर हो रही खुदाई को देखकर लगता है कि हम 'लव-स्टोरी' से 'खोदाई-स्टोरी' के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। हैरानी की बात तो यह है कि दुनिया भर को अपनी खूबसूरती से आकर्षित करने वाले इस छोटे से शहर को आखिर मेट्रो का ऐसा कौन सा 'तीव्र दौरा' पड़ा था? जो यहाँ के बड़े-बड़े ऐतिहासिक आगरा कालेज और अरबी एस जैसे स्कूलों के खेल मैदान तक इस विकास की वेदी पर समर्पित हो गए। कभी जिन मैदानों में बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहाँ अब कंक्रीट के खंभे अट्टहास कर रहे हैं। मानों हमारी भावी पीढ़ी को यह संदेश दिया जा रहा है कि-"मैदान में दौड़ने-भागने से कुछ नहीं होगा, सीधे मेट्रो में चढ़ो और उड़



जाओ।"इस विकास की अजब दास्तान के पीछे सबसे दिलचस्प पहलू यहाँ की राजनीतिक समरसता है। जब विधायक से लेकर सांसद तक सब एक ही 'डबल इंजन' (या कहिए एक ही थाली) के हों, तो फिर विपक्ष की कमी कौन खले? लेकिन इस एकाधिकार का नतीजा यह निकला है कि शहर 'कूपमंडूक' (कुएं के मेंढक) वाली राजनीति का शिकार हो गया है। विकास के नाम पर वातानुकूलित योजनाएं तो ऊपर से उतर रही हैं, लेकिन शहर की मौलिक जरूरतें-जैसे टूटी सड़कें, सीवर की समस्या और बदहाल पार्किंग-आज भी 'अधूरी कहानी' बनी हुई हैं।नेताओं को यह समझना होगा कि शहर सिर्फ मेट्रो के खंभों और चमकीले स्टेशनों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सांसों और बुनियादी सुविधाओं से चलता है। आखिर कब तक आगरावासी जाम के जाम पीते रहेंगे और अपनी ही गलियों में अजनबी बनते रहेंगे? विकास जरूरी है, लेकिन वह शहर की आत्मा को घायल करके नहीं, बल्कि उसे संवारकर आना चाहिए। अन्यथा, वह दिन दूर नहीं जब पर्यटकों को ताजमहल दिखाने के लिए भी मेट्रो के किसी खंभे पर चढ़कर दूरबीन लगानी पड़ेगी!

## राहुल गांधी को राहत, कोर्ट ने खारिज की निगरानी याचिका

एजेंसी, सुल्तानपुर।

गृहमंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव की अदालत ने भाजपा नेता विजय मिश्र की निगरानी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। इस फैसले से स्पेशल मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित मानहानि मुकदमे की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

अब मामले में 18 जुलाई को सुनवाई होगी। स्पेशल जज ने अपने आदेश में कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट में लंबित अंतिम बहस की कार्यवाही को रोकना उचित नहीं था। अदालत ने माना कि परिवादी की ओर से दायर निगरानी याचिका स्वीकार करने योग्य नहीं है। यह मामला भाजपा नेता विजय मिश्र ने वर्ष 2018 में दायर किया था। आरोप है कि राहुल गांधी ने अमित शाह के संबंध में विवादित टिप्पणी की थी।

### आवाज के नमूने की मांग खारिज

मुकदमे की सुनवाई के दौरान विजय मिश्र ने 12 मार्च को राहुल गांधी की आवाज का नमूना जांच कराने की मांग की थी। स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने 2 मई को यह अर्जी खारिज कर दी थी। उन्होंने जमानतनामा प्रस्तुत करने और अंतिम बहस आगे बढ़ाने का आदेश दिया था। विजय मिश्र ने इस आदेश को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। बुधवार को स्पेशल जज ने उनकी याचिका खारिज कर दी।

# थर्ड डिग्री स्टाइल में युवक को पीटा

## गाली का विरोध करने पर मां-बेटे ने गले में केबिल डालकर खींचा

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**फतेहाबाद।**

डौकी में मंगलवार की रात चाऊमीन खाने गए युवक की मां-बेटे ने जमकर पिटाई की। गले में केबिल डालकर बेहरमी से पीटा। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया। पीड़िता की मां ने मारपीट करने वाले मां-बेटा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

डौकी निवासी कोमल सिंह पुत्र हरिबाबू ने बताया कि मंगलवार की रात अपने दोस्त लाल, बबलू के साथ घर के पास मुटनई रोड पर चाऊमीन खाने गए थे। तभी डौकी





में रामवतार के मकान में किराए पर रहने वाला अमित गाली-गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो अमित ने फोन कर अपनी मां गट्टो देवी को बुला लिया। उसकी मां हाथ में केबिल लेकर आई थी। उसने आते ही अपने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। वहीं दोनों लोगों ने पहले जमीन पर डालकर लात घूसों से पीटा। उसके बाद पास में बड़ा पत्थर उठाकर पीठ में मार दिया। उसके बाद उन्होंने मेरे गले में केबिल डालकर रोड पर खींच-खींचकर मारपीट की। पूरे घटनाक्रम का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं वीडियो में साफ दिखाई दे रहे है कि मां-बेटा मिलकर पीड़ित कोमल के गले में केबिल डालकर बेरहमी से पीट रहे हैं। इस मारपीट में कोमल सिंह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया है। पीड़िता की मां ओमवती ने थाना डौकी में अमित व मां गट्टों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष डौकी सुनीत शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# खेरागढ़ में राशन की कालाबाजारी पर शिकंजा!

### चावल से लदी मैक्स पकड़ी, चालक फरार



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

खेरागढ़ में सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चावल से लदी एक मैक्स गाड़ी को दबोच लिया। खानपुर मोड़ के पास नायब तहसीलदार अनुज दीक्षित ने कार्रवाई करते हुए वाहन को पकड़ा, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

प्रारंभिक जांच में वाहन में लदा चावल सरकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। चावल के स्रोत, दस्तावेज और उसकी वैधता की पड़ताल की जा रही है। यदि जांच में चावल सरकारी राशन का निकला तो कालाबाजारी से जुड़े पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं फरार चालक की तलाश तेज कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। नायब तहसीलदार अनुज दीक्षित की इस कार्रवाई से सरकारी राशन की कालाबाजारी में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

## डुप्लीकेट वोटों को काटने की तैयारी

**फतेहाबाद।** डुप्लीकेट वोटरों को सर्वे कर काटने को लेकर तहसीलदार ने बीएलओ संग बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए। तहसीलदार फतेहाबाद शेखर मिश्रा ने बताया कि चुनाव आयोग के द्वारा डबल वोटिंग को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें डीएससी ( डेमोग्राफिक सिंगल एंट्री) के माध्यम से बीएलओ डुप्लीकेट वोटरों का सर्वे करेंगे और जांच में सही पाए जाने पर उनके नाम काटे जाएंगे। इसको लेकर सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिरकर युवक की मौत

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर वाजिदपुर के पास ट्रैक्टर- ट्रॉली से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील पुत्र केदार उम्र 20 वर्ष निवासी पीरा डांडा थाना फतेहाबाद बुधवार की शाम तीन बजे के करीब आगरा से ईंट खाली करके ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर अपने घर जा



रहा था। जैसे थाना डौकी क्षेत्र के वाजिदपुर के पास ट्रैक्टर ट्रॉली पहुंची तो सुनील अचानक से ट्रैक्टर-ट्रॉली से गिर गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली उसके ऊपर होकर निकल गई। जिससे सुनील की मौके पर ही मौत हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया।

# खेरागढ़ पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

राजस्थान सीमा से सटे खेरागढ़ थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर रही। थाना प्रभारी हरीश शर्मा के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर आने-जाने वाले प्रत्येक दोपहिया और चारपहिया वाहन की गहन जांच की गई। अभियान के दौरान वाहन चालकों के पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, जबकि संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। थाना प्रभारी हरीश शर्मा ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों से अपराधियों की आवाजाही पर प्रभावी अंकुश लगाने, अवैध गतिविधियों पर नजर रखने और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह अचानक चेकिंग अभियान जारी रहेंगे, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। पुलिस की सख्ती से सीमा क्षेत्र में दिनभर हड़कंप का माहौल रहा।

# खेलते समय बच्चे को विषैले कीड़े ने काटा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

प्राथमिक विद्यालय छोटी बसई के विद्यालय परिसर में खेलते समय छात्र को पैर में विषैले कीड़े काट लिया। जानकारी पर परिजन ने छात्र को सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटी बसई निवासी शिवा (7) वर्ष पुत्र भूरी सिंह गांव में ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ता है। बुधवार को स्कूल में पढ़ने गया था तभी लंच के बाद विद्यालय परिसर में खेल रहा था इसी दौरान उसके पैर में किसी विषैले कीट ने काट लिया। वहीं आशंका है कि बच्चे को सांप ने काटा है जानकारी होने पर परिजन ने बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।



वहीं आशंका है कि बच्चे को सांप ने ही काटा है।

# एकलव्य स्टेडियम में सुधरेगी शूटिंग रेंज

### जिलाधिकारी ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, आगरा।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बुधवार को एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में संचालित निर्माण एवं नवीनीकरण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों से संबंधित अभिलेख तलब किए तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों, विद्युत उपकरणों, आर्किटेक्ट एवं ठेकेदार को किए गए भुगतान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने जिम सहित स्टेडियम की विभिन्न खेल सुविधाओं एवं भवनों का निरीक्षण किया। परिसर में खुले विद्युत तार पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी खुले तारों को सुरक्षित रूप से भूमिगत कराने के निर्देश दिए।

महिला एवं पुरुष शौचालयों में



फिनिशिंग का कार्य अधूरा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। टेबल टेनिस हॉल की दीवारों में सीलन तथा पेंटिंग कार्य अधूरा मिलने पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने ताइक्वांडो भवन के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए स्टेडियम के मुख्य परिसर का समग्र कायाकल्प करने, गोल्फ कोर्ट एवं हॉकी मैदान को उत्कृष्ट स्तर पर विकसित करने तथा आवश्यक फुटपाथ का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शूटिंग रेंज का भी निरीक्षण किया। आगामी दिनों में प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों को सुव्यवस्थित कार्ययोजना, निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरूप कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को स्टेडियम में संचालित सभी निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता के साथ एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिविल सप्लाई श्री अजय नारायण, आरएसओ आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने चलाया जागरूकता अभियान



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा के लिए नामांकन बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय सैंया, खेरागढ़ के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार के निर्देशन में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सैया चौराहे से पोस्ट ऑफिस, जन सेवा केंद्र, बाजार, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक कस्बा में लोगों से संपर्क कर अपने पुत्र-पुत्रियों एवं अन्य पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश राजकीय महाविद्यालय सैया में कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ विशाल भास्कर, डॉ हुकुम सिंह, डॉ अनिल कुमार, डॉ रेखा सुमन, डॉ विजय आनंद गौतम आदि शामिल रहे।

00000000000000

# कुत्ते ने बच्चे सहित चार को काटा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना निबोहरा क्षेत्र में दो अलग-अलग गांव में पागल कुत्ते ने बच्चों सहित चार ग्रामीणों को काटकर घायल कर दिया। इससे ग्रामीणों में दहशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव गढ़ी सुखे में बुधवार की शाम एक पागल कुत्ता आ गया था। जिसने राघव पुत्र दिनेश उम्र 4 वर्ष को खेलते समय काट लिया। उसके बाद गांव की रामवती पत्नी सुम्मेर सिंह पशुओं को चारा डाल रही थी। इसी दौरान उनको भी काट लिया। तभी पास में खेल रही मान्या पुत्री कुलदीप उम्र 4 वर्ष को भी काटकर घायल कर दिया। उसके बाद वह महेंद्र सिंह के पशुओं के बाड़े में पहुंचा और उनके भैंस के बच्चे को काटकर घायल कर दिया। जानकारी होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण





लाठी-डंडे लेकर भागे और पागल कुत्ते को भगाया गया। पड़ोसी गांव सुतेहरा में घर के बाहर खेलते समय जीवेश पुत्र पवन उम्र 3 बर्ष पर हमला कर दिया। मां मधु बचाने पहुंची तो उस पर भी कुत्ते ने हमले का प्रयास किया। तभी जानकारी पर परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्ते को भगाया। गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पागल कुत्ते को पकड़वाने की मांग की है।

# बिजली विभाग के खिलाफ भाकियू का हल्लाबोल

## तहसील में दो घंटे दिया धरना, 21 को घेराव की चेतावनी

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बैनर तले बुधवार को तहसील अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां के नेतृत्व में किसानों ने तहसील परिसर में करीब दो घंटे तक धरना देकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार, किसानों के उत्पीड़न, झूठी एफआईआर दर्ज कराने तथा ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए।

धरने के दौरान किसान अधिशासी अभियंता को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। करीब एक घंटे बाद तहसीलदार सुरभि राय और खेरागढ़ विद्युत उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अरविंद कुमार धरना स्थल पर पहुंचे, लेकिन किसानों ने अधिशासी अभियंता को बुलाने की मांग दोहराई। एसडीओ ने अधिशासी अभियंता के बाहर होने की जानकारी देते हुए किसानों की मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। तहसीलदार के समझाने-बुझाने के बाद धरना समाप्त हुआ। इसके बाद भाकियू जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के नाम संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को देने से इनकार करते हुए फर्श पर रख दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञापन केवल उच्चाधिकारियों को ही सौंपा



जाएगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि खेरागढ़ क्षेत्र के गांव खेर्रा में पिछले छह माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। कई शिकायतों के बावजूद उसे नहीं बदला गया। विभाग ने केवल एक केबल डालकर अस्थायी बिजली आपूर्ति शुरू कर दी, जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को उसी व्यवस्था के सहारे पानी और बिजली की जरूरतें पूरी करनी पड़ीं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाद में विभागीय चेकिंग के दौरान संगठन के तहसील अध्यक्ष संदीप शर्मा के पिता गिर्राज शर्मा सहित गांव के सात लोगों पर बिजली चोरी का आरोप लगाते हुए विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी गई। किसानों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर बदलने और एफआईआर से बचाने के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की गई। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की गई, लेकिन अब तक न जांच हुई और न ही दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई।

भाकियू ने मांग की कि किसानों पर दर्ज प्राथमिकी तत्काल निरस्त कर पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए किसानों के उत्पीड़न पर रोक लगाई जाए और खेरागढ़ तहसील के सभी गांवों में विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पांच दिन के भीतर किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए गए और मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 21 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन कर बिजली विभाग के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। धरने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।इस दौरान मंडल अध्यक्ष रणवीर चाहर, सावित्री चाहर, ताती राम, नथुराम धाकरे,रणजीत यादव, संदीप शर्मा,नरेश सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# कर्ज के दबाव में रची लूट की झूठी कहानी

## खंदौली में 40 लाख की लूट निकली फर्जी, दो घंटे में खुला राज

टीएनएफ टुडे, आगरा।

खंदौली थाना क्षेत्र में मंगलवार को सामने आई 40 लाख रुपये की कथित दिनदहाड़े लूट की घटना आखिरकार झूठी निकली। जिस वारदात ने कुछ समय के लिए पुलिस महकमे और व्यापारिक वर्ग में हड़कंप मचा दिया। उसका पुलिस ने महज दो घंटे में खुलासा कर दिया।

जांच में सामने आया कि कथित पीड़ित ने कर्ज के दबाव में लूट की पूरी कहानी खुद रची थी। मंगलवार दोपहर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बगल घूंसा गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक स्वर्णकार से 40 लाख रुपये से भरा बैग तमंचे के बल पर लूट लिया है।

### ऐसे हुआ खुलासा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कई टीमें गठित कर जांच शुरू की। लेकिन घटनास्थल से जुटाए गए तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मौके की परिस्थितियां शिकायतकर्ता के बयान से मेल नहीं खा रही थीं। पुलिस ने जब गहन पूछताछ की तो कथित लूट की कहानी पर संदेह और गहरा हो गया। जांच के दौरान पुलिस ने कथित रूप से लूटा गया रुपयों का बैग भी बरामद कर लिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस के अनुसार, रामवीर सिंह पर करीब 60 लाख रुपये का कर्ज था और आर्थिक दबाव से निकलने के लिए उन्होंने लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। जांच में ऐसा कोई प्रत्यक्ष या तकनीकी साक्ष्य नहीं मिला जिससे यह साबित हो सके कि वास्तव में लूट की वारदात हुई थी।

सूचना मिलते ही खंदौली थाना पुलिस, एसओजी टीम और एसीपी एत्मादपुर मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल क्षेत्र की घेराबंदी की गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी गई।

प्रारंभिक शिकायत में सादाबाद क्षेत्र के गांव कुरसंडा निवासी स्वर्णकार रामवीर सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह चांदी खरीदने के लिए आगरा आ रहे थे। उनके पास 40 लाख रुपये नकद से भरा बैग था। रास्ते में चार बाइक सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया और तमंचा दिखाकर रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

### अब पुलिस करेगी कार्रवाई

थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी उपलब्ध साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर स्पष्ट हो गया कि लूट की सूचना पूरी तरह भ्रामक थी। पुलिस अब शिकायतकर्ता के खिलाफ झूठी सूचना देने और कानून व्यवस्था को गुमराह करने के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपराधिक घटना की सूचना सत्य तथ्यों के आधार पर दें। झूठी शिकायतें न केवल पुलिस संसाधनों का दुरुपयोग करती हैं, बल्कि वास्तविक मामलों की जांच भी प्रभावित कर सकती हैं।

# आईटीआई बल्केश्वर में लगी कौशल प्रदर्शनी

### विश्व युवा कौशल दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बल्केश्वर आगरा में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल कौशल विकास द्वारा आयोजित कौशल प्रर्देशनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विधायक ने कौशल विकास से प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किये। क्षेत्रीय सेवायोजन तथा कौशल विकास के माध्यम से आयोजित रोगार मेले में चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरण किये गये। कार्यक्रम में विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हए कहा कि आज के समय में कौशल ही युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति है। केवल शैक्षणिक डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल भी सफलता और रोजगार की कुंजी है। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा शक्ति है। यदि युवाओं को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। उन्होंने योजनाओं से कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आहवान किया। कार्यक्रम में चन्द्रचूण दुबे सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन, ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया। केसी अटल, संकल्प दीक्षित, डा. सुनील कुमार, अमित धाकरे, रविन्द्र तौमर जिला कौशल प्रबंधक, चंद्रेश राजबधा, शंकर चाहर आदि मौजूद

# नगर निगम अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

टीएनएफ टुडे, आगरा।

विगत सप्ताह नगर निगम द्वारा नॉर्थ विजयनगर कॉलोनी में एक संपत्ति पर की गई तोड़फोड़ को अवैध और अन्याय पूर्ण बताते हुए पीड़ित परिवार ने प्रेस वार्ता कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित परिवार से मनीष अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि कि नॉर्थ विजय नगर कॉलोनी (हरी पर्वत वार्ड) स्थित सम्पत्ति की स्वामिनी पुष्पा देवी पत्नी रामकुमार अग्रवाल है। उन्होंने उपरोक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख के द्वारा उसके उसके पूर्व स्वामी रामेश्वर नाथ अग्रवाल पुत्र स्व० बटुकनाथ से क्रय की थी। मनीष अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में उपरोक्त जय अग्रवाल ने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठ-गांठ करके उपरोक्त जगह को यह कहकर तुड़वा दिया कि मेरी सम्पत्ति की पूरब दिशा की रोड 60 फुट चौडी है। रजिस्ट्री के आधार पर ही आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र में 40 फीट की रोड दशार्यी गई है। अतः ऐसी स्थिति में जहाँ नगर निगम के अपने सर्वे के अनुसार तथा आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र में उक्त रोड को 40 फीट दशार्या जाना यह साबित करता है कि उपरोक्त रोड कभी 60 फीट की रही ही नहीं।



# भगवान झूलेलाल की पूजा में उमड़ा सैलाब

### चंद्र दिवस पर कर्मयोगी सिंधु सभा ने किया भंडारा

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कर्मयोगी सिंधु सभा आगरा द्वारा चंद्र दिवस के शुभ अवसर पर कमला नगर स्थित कर्मयोगी चौराहा (झूलेलाल चौक) पर प्रातः 9 बजे भगवान झूलेलाल जी की पूजा-अर्चना कर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलन से हुआ। भगवान झूलेलाल जी की विधिवत पूजा के बाद भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें क्षेत्रीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने बडी संख्या में भाग लिया। माहौल भक्तिमय और अनुशासित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्म योगी नगर पंचायत के अध्यक्ष इन्द्र तुलसानी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्र तुलसानी, सूर्य प्रकाश, मेघराज दियालानी, ओम प्रकाश विजवानी, विकास जेठवानी, किशोर बुधरानी, मुकेश सभानी, भागचंद थावानी, रोहित आयलानी, मेघराज शर्मा, नानक राम नागपाल, शंकर लाल जगवानी, विनोद चिमनानी, मोहन लखवानी, मोहन ज्ञानानी,लक्ष्मण दास,ओम प्रकाश पहलाजनि, अशोक ठकरानी, कुनाल जेठवानी, नमन कल्याणी, जितेंद् मुलानी, हरीश गोकलानी, राजेश कुमार,महेश सोनी, मनोज थरानी, हरीश गोपलानी, विजय बुलानी, हरेश पंजवानी,विनय सुग्नानी, कमल करीरा, दिनेश करीरा आदि मौजूद रहे।



# युवाओं को मिला आत्मनिर्भरता का नया संबल

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान लाभकारी साबित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से जनपद आगरा के अनेक युवाओं ने अपना स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इसी क्रम में योगेश कुमार, निवासी परमहंसपुरा, सीओडी, आगरा ने योजना का लाभ प्राप्त कर अपना स्वरोजगार स्थापित किया। पूर्व में रोजगार स्थापित करने के लिए उन्हें ऋण की आवश्यकता थी, किन्तु बैंक ऋण पर अधिक ब्याज दर के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जानकारी प्राप्त होने के बाद उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, आगरा के माध्यम से आवेदन किया। योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता मिलने पर उन्होंने अपना व्यवसाय प्रारम्भ किया, जिससे आज वे आत्मनिर्भर बन चुके हैं तथा अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। इसी प्रकार राजेश कुमारी, निवासी सराय मलूकचंद, सेवला, आगरा, ने भी योजना का लाभ लेकर अपना स्वयं का उद्यम स्थापित किया। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, आगरा ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है।





### किसान सारथी पोर्टल की दी जानकारी



**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, संजय प्लेस में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जनपद आगरा के किसानों की समस्याओं का जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। किसान दिवस में सहकारिता विभाग से सम्बन्धित 02, सिचाई विभाग से सम्बन्धित 01, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 01, जिला अग्रणी बैक आगरा से सम्बन्धित 01, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से सम्बन्धित 01, उद्यान विभाग से सम्बन्धित 02, मण्डी समिति से सम्बन्धित 01 कुल 09 शिकायतें प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों पर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उप कृषि निदेशक, आगरा ने कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्रों पर अनुदान के सम्बन्ध में किसान दिवस में उपस्थित कृषकों को अवगत कराया। धवेन्द्र सिंह, विशेषज्ञ पशुपालन कृषि विज्ञान केन्द्र, विचपुरी ने भारतीय कृषि अनुसंधान के किसान सारथी पोर्टल के सम्बन्ध में अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न अधिकरियों के अलावा मोहन सिंह चाहर, श्याम सिंह चाहर, लक्ष्मी नरायण बघेल, सोमवीर यादव, चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह, लाखन सिंह आदि लगभग 100 किसान भी सभागार में उपस्थित रहे।

### 16 से 22 जुलाई मनाया जाएगा भूजल सप्ताह

**आगरा।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद में 16 से 22 जुलाई तक ₹भूजल सप्ताह₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में 07 दिवसीय जल संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान ₹जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प₹ की थीम पर आयोजित होगा। जिलाधिकारी ने भूजल सप्ताह आयोजनों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 16 व 17 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर पर,18 व 19 जुलाई को विकास खंड/क्षेत्र पंचायतों में,20 व 21 जुलाई को नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में जन सहभागिता से विशेष आयोजन होंगे। 22 जुलाई को जनपद मुख्यालय पर जिला पंचायत, नगर निगम, एडीए तथा सभी विभागों के समन्वय से विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीडीओ को मुख्य नोडल अधिकारी तथा नगरायुक्त, उपाध्यक्ष एडीए को नोडल नामित किया गया है। ग्राम पंचायत सचिव, बीडीओ, अधिशाषी अधिकारी तथा विभागों के विभागाध्यक्षों को विभिन्न जिम्मेदारी प्रदान की गई हैं।

### निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल के लिए करें आवेदन

**आगरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अनुभाग-2 द्वारा स्कूल जाने वाली एवं शिक्षण/प्रशिक्षण प्राप्त कर रही दिव्यांग छात्राओं को निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के अंतर्गत 16 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु की ऐसी दिव्यांग छात्राएं, जो किसी विद्यालय अथवा शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हैं। जिनकी आय गरीबी रेखा से नीचे है। दिव्यांगजन अथवा उनके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं है, योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। लाभार्थियों के चयन में प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी के पात्र छात्राओं को दी जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 निःशुल्क ई-ट्राईसाइकिल वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए आवेदन 25 तक

**आगरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 1,522 नवविवाहित जोड़ों को प्रति जोड़ा ?21,000 मूल्य की आवश्यक उपहार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। जेम पोर्टल पर ई-निविदा आमंत्रित की गई है। इच्छुक एवं पात्र फर्में जेम पोर्टल के निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई तथा समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है।

### एचआईवी की रोकथाम के लिए कार्यशाला

**आगरा।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आगरा शाखा द्वारा बुधवार को एचआईवी की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के 8 प्रमुख एनजीओ पार्टनर्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था की अधिकारी ने 'फाइट बैक प्रोजेक्ट' के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर ममता गुप्ता ने बताया कि 'प्रेप' दवा एचआईवी संक्रमण को रोकने में अत्यंत प्रभावी है। बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने एचआईवी रोकथाम के क्षेत्र में अपने-अपने अनुभव साझा किए और फील्ड चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में एएचएफ, यूपीएनपी प्लस, एजीएनपी प्लस के प्रतिनिधियों सहित रमजान खान, सोनवीर कटारा और रमाशंकर का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन फील्ड सुपरवाइजर दीनबंधु शर्मा द्वारा किया गया।

### उद्यमियों ने डीवीवीएनएल चीफ को बताई समस्याएं

**आगरा।** फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती के नेतृत्व में बुधवार को सिकंदरा इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के चीफ अभियंता कपिल सिंदवानी के साथ बैठक की। बैठक में अजय कुमार (अधिशासी अभियंता) एवं सचिन गुप्ता (अधिशासी अभियंता) भी रहे। उद्यमियों की मुख्य समस्या बिजली की आपूर्ति न होना, रेगुलर ट्रिपिंग, लो वोल्टेज आदि रहीं। जिस पर चर्चा हुई एवं विभाग द्वारा समयबद्ध समाधान का वादा किया। बैठक में उद्यमियों का आक्रोश झलक रहा था। फेम के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि विभाग विधुत आपूर्ति एवं समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी मंडलीय उद्योग बंधू की मीटिंग में सामूहिक रूप से उद्यमी अपनी अपनी फेक्ट्रियो की चाबी मंडलायुक्त महोदय को सौंप देंगे। फेम के महामंत्री ने बिजली जाने पर उद्यमियों को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम क्षतिपूर्ति का भुगतान करे। बैठक में मूकेश अग्रवाल, फेम के जिलाध्यक्ष राजेश खुराना, बालकिशन अग्रवाल, आलोक गुप्ता, दुलीचंद, पीके शर्मा, राकेश खेत्रपाल, कपिल गोयल, नरेश अग्रवाल आदि उपस्तिथ रहे। फेम के महामंत्री ब्रजेश पंडित ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पूर्व छात्रों को दिए प्रेरक व्याख्यान

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संस्थान में कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संस्थान के निदेशक प्रो. मोहम्मद अरशद के नेतृत्व में पूर्व छात्र मिलन एवं प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों के अनुभवों को वर्तमान विद्यार्थियों तक पहुंचाकर उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर संस्थान के 40 वर्ष पुराने पूर्व छात्र एवं पिछले चार दशकों से अमेरिका में कार्यरत विज्ञान गोटेवाल ने संस्थान का भ्रमण किया और छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने सांख्यिकी एवं डाटा साइंस के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम तकनीकी विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव तथा देश-विदेश में उपलब्ध रोजगार एवं शोध के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, तकनीकी दक्षता और सकारात्मक सोच उन्हें वैश्विक स्तर पर सफलता दिला सकती है।

# दस्तक अभियान में डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया पर हो रहा वार



टीएनएफ टुडे, आगरा।

जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 'दस्तक अभियान' 11 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर आमजन को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक कर रही है। मंगलवार को सहायक मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर, नगला पदी क्षेत्र में अभियान का निरीक्षण किया। मलेरिया इंस्पेक्टर कुशाग्र सिंह और फील्ड वर्कर अमित कुमार ने नगला पदी निवासी 37 वर्षीय सचिन श्रीवास्तव से 'दस्तक अभियान' के दौरान आशा कार्यकर्ता राखी सत्संगी और उर्मिला द्वारा पूछे गए सवालों के संबंध में चर्चा की और फीडबैक प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की सेहत का हाल पूछ रही हैं। वे बुखार, खांसी, एलर्जी, कुष्ठ रोग, टीबी, डायरिया जैसे लक्षणों की जांच कर रही हैं और कम वजन वाले बच्चों का भी चिन्हांकन कर रही हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व वेक्टर बोर्न डिजीज के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेश्वर श्रीवास्तव ने बताया कि दस्तक अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक करना और स्वास्थ्य समस्याओं का जल्द पता लगाना से है। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के दौरान उन क्षेत्रों और मकानों की सूची भी बनाई जा रही है, जहां पर मच्छरों का प्रजनन अधिक पाया जा रहा है। इन स्थानों पर मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

# बिहार भाजपा प्रवक्ता का आगरा में स्वागत



टीएनएफ टुडे, आगरा।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत द्वारा आगरा के नौबस्ता स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल धर्मशाला में बिहार राज्य के भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल का भव्य और जोशीला स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेम रंजन पटेल ने कहा कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश को अपराध मुक्त बनाया है, उसी तर्ज पर बिहार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज हर गरीब को न्याय मिल रहा है और अपराधियों में कानून का भय व्याप्त है। पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत द्वारा किए जा रहे सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से बिजली घर चौराहे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार के प्रयासों को सराहा और कहा कि संगठन हिंदू हितों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय है।

### शिवाजी जयंती पर भव्य शोभायात्रा की रूपरेखा

इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक सुमित कटियार ने 19 फरवरी 2027 को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर आगरा में विशाल शोभायात्रा निकालने की योजना साझा की। उन्होंने मुख्य अतिथि को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे श्री पटेल ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक का संचालन प्रदेश मंत्री नितिन गोस्वामी ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव चौहान, उपाध्यक्ष अर्जुन गिरज, जसवीर सिंह, दीपक जैन, डॉ. कृष्ण कुमार, दीपक सक्सेना, रवि व्यास और दिनेश कुशवाहा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कुर्मी समाज के लोगों ने भी प्रेम रंजन पटेल का अभिनंदन किया। इसमें प्रभा हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बी.के. सिंह, कृष्ण वर्मा, जुग्गी लाल वर्मा, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. देवेंद्र केसरी, जनार्दन पाटिल आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# अमेरिका-ईरान टकराव और विश्व शांति की नई चुनौती

विश्व समुदाय को अब यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि किसी भी देश की मनमानी, सामरिक अहंकार और युद्धोन्माद को स्वीकार नहीं किया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र सहित वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रभावी, निष्पक्ष और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यदि आज भी दुनिया ने युद्ध की राजनीति पर अंकुश नहीं लगाया, तो भविष्य की पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। आज पूरी दुनिया की प्रार्थना यही है कि अमेरिका को शक्ति के साथ सद्बुद्धि मिले, ईरान को संयम और विवेक का मार्ग मिले तथा दोनों राष्ट्र हथियारों की भाषा छोड़कर संवाद की संस्कृति अपनाएं। शांति ही विकास का आधार है, संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग है और अहिंसा ही मानव सभ्यता का सबसे बड़ा अस्त्र है। यही समय की पुकार है, यही मानवता की अपेक्षा है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे तनाव के बाद बड़ी कठिनाई से बना संघर्ष विराम अपनी निर्धारित अवधि पूरी करने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए गए ताजा हमलों और उसके जवाब में अमेरिका की भीषण बमबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को युद्ध की आशंकाओं के बीच खड़ा कर दिया है। यह केवल दो देशों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, बल्कि वैश्विक शांति, आर्थिक स्थिरता और मानवीय मूल्यों के लिए गंभीर चुनौती है। जिस समय विश्व को महामारी, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संकट जैसी समस्याओं से मिलकर लड़ना चाहिए, उस समय महाशक्तियों का युद्धोन्माद पूरी मानवता को पीछे धकेलने का कार्य कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उत्पन्न विवाद ने इस संघर्ष को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो केवल तेल की कीमतें ही नहीं बढ़ेंगी, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक दुष्प्रभाव पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटेंगी और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था सबसे अधिक प्रभावित होगी। युद्ध की आग कभी सीमाओं में नहीं रहती, उसकी तपिश अंततः पूरी दुनिया को झुलसाती है इतिहास गवाह है कि युद्धों ने कभी स्थायी समाधान नहीं दिया। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध से लेकर इराक, अफगानिस्तान, लीबिया और सीरिया तक, हर युद्ध ने नई समस्याएं ही पैदा की हैं। लाखों लोगों की जान गई, करोड़ों लोग विस्थापित हुए, लेकिन अंततः समाधान फिर बातचीत की मेज पर ही खोजे गए। यदि अंत में संवाद ही करना है, तो शुरूआत भी संवाद से ही क्यों नहीं हो सकती? यही प्रश्न आज पूरी मानवता के सामने खड़ा है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, सह-अस्तित्व और अहिंसा का मार्ग दिखाया है। गौतम बुद्ध, भगवान महावीर और महात्मा गांधी की भूमि ने यह सिखाया कि वास्तविक विजय शत्रु को पराजित करने में नहीं, बल्कि शत्रुता को समाप्त करने में है। भारत की विदेश नीति भी ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ण और ह्यविश्वबंधुत्वह्ण के आदर्शों पर आधारित रही है। भारत ने हमेशा संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। यही कारण है कि भारत आज विश्वसनीय मध्यस्थ, संतुलित शक्ति और जिम्मेदार वैश्विक भागीदार के रूप में सम्मान प्राप्त कर रहा है।

# एक देवदास......

आगरा ने दुनिया को मोहब्बत की सबसे खूबसूरत निशानी दी है, मगर उसके अपने लोग बेआवाज दर्द झेल रहे हैं। ताजमहल की चमक के पीछे एक ऐसा शहर है जहाँ टूटी सड़कें, बजबजाती नालियाँ, दम तोड़ते तालाब, जहरीली होती यमुना, बदहाल अस्पताल और जर्जर स्कूल रोज की हकीकत हैं। हैरत की बात यह है कि सत्ता की कोई कमी नहीं है।भाजपा के विधायक, सांसद, मेयर, जिला पंचायत प्रमुख, सब मौजूद हैं। फिर भी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। तकरीरों और फीता-काट समारोहों ने असली काम की जगह ले ली है। सबसे बड़ा दुख यह है कि लोगों का गुस्सा अब सिर्फ. व्हाट्सएप तक सिमट गया है। शहर की फरियाद सुनने वाला कोई नहीं।



एक बेनाम कवि का विलाप;

ताज तो रोशन है अब भी चाँदनी की छाँव में,  
शहर मगर तन्हा पड़ा है अपने ही घावों में।  
पत्थर की इमारत हँसती है दुनिया के सामने,  
इंसाँ रोते रह गए खामोश सिसकियों के गाँव में।

**-अनाम**

# चिपको की धरती पर हरे पेड़ों के कटान का विरोध

उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है जहां पेड़ों को बचाने के लिए लोग चिपको और रक्षासूत्र आंदोलन की परंपरा को आगे बढ़ाते रहते हैं। पहाड़ी क्षेत्र में हो या फिर यहां के तराई और मैदानी भूभाग जैसे देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, हल्द्वानी, ऋषिकेश के लोग और सामाजिक संगठन पर्यावरण संरक्षण में अह्म भूमिका निभाने वाले वृक्षों की आवाज बन जाते हैं।

> "पहले से ही बनी हुई सात मोड वाली ऋषिकेश - देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग में गाड़ियों की आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान है लेकिन इस क्षेत्र के पर्यावरण की यह बहुत बड़ी अनदेखी है कि केवल 10-20 मिनट पहले देहरादून, दिल्ली पहुंचने के लिए यहां पर पिछले दिनों से चौड़ी पत्ती के दुर्लभ वन प्रजातियों को काटना प्रारंभ कर दिया गया है जबकि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि जब यहां से यात्री और पर्यटक गुजरते हैं तो सघन हरे पेड़ों के बीच में हिमालय के निचले क्षेत्र की ठंडी हवा का आनंद और गर्मियों के समय में तेज गर्मी से राहत मिलती है। अनेकों यात्री इन सघन वनों की छांव में अपनी गाड़ी से उतरकर विश्राम भी करते हैं।

आजकल ऋषिकेश- भानियावाला- देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर सात मोड वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए अमूल्य वन प्रजाति साल और अन्य चौड़ी पत्ती के लगभग 4000 से अधिक पेड़ों के कटान के विरोध में केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय के दफ्तर से लेकर जंगल तक सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे हुए हैं। विरोध के रूप में दफ्तियां हाथों में लेकर प्रदर्शनकारियों के





नारों से आसमान गूंज रहा है। लोग पेड़ों पर चिपक रहे हैं। कटान रोक रहे आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके बावजूद भी शासन- प्रशासन की ओर से अनसुनी की जा रही हैं। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट ने भी विकास के नाम पर पेड़ों के कटान को नहीं रोका है।

पहले से ही बनी हुई सात मोड वाली ऋषिकेश - देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग में गाड़ियों की आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान है लेकिन इस क्षेत्र के पर्यावरण की यह बहुत बड़ी अनदेखी है कि केवल 10-20 मिनट पहले देहरादून, दिल्ली पहुंचने के लिए यहां पर पिछले दिनों से चौड़ी पत्ती के दुर्लभ वन प्रजातियों को काटना प्रारंभ कर दिया गया है जबकि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि जब यहां से यात्री और पर्यटक गुजरते हैं तो सघन हरे पेड़ों के बीच में हिमालय के निचले क्षेत्र की ठंडी हवा का आनंद और गर्मियों के समय में तेज गर्मी से राहत मिलती है। अनेकों यात्री इन सघन वनों की छांव में अपनी गाड़ी से उतरकर विश्राम भी करते हैं। लोग सूक्ष्म जलपान करते हुए इन वृक्षों की छांव के बीच में आनंद उठाते हैं।

चारधाम जाने वाले यात्रियों को सुखद सुकून भरी जिंदगी का अहसास यहां की हरियाली के दर्शन कर महसूस होती हैं। हिमालय के इस निचले क्षेत्र का अरावली की पहाड़ियों के साथ संगम होने से तेज गर्मी में भी ठंडी हवा के आनंद की अनुभूति और देवलोक की मनोरम प्रकृति से परिचय भी कराती है। यद्यपि ऋषिकेश से देहरादून के बीच में लगभग 40 किमी की दूरी तक हरियाली की अंधाधुंध बबार्दी सन् 2000 में राजधानी बनने के बाद से ही प्रारंभ हुई है। देहरादून ऋषिकेश के तापमान में 42 डिग्री से अधिक बढ़ोतरी के बावजूद भी योजनाकारों और नीति निर्धारकों के समझ मैं अभी तक नहीं आया है कि यहां पेड़ों को बचाकर सड़क के दोनों ओर खाली पड़े स्थान तक सड़क को चौड़ा किया जा सकता था। हो सकता है कि इस प्रक्रिया में न्यूनतम पेड़ों को ही नुकसान होगा।

उत्तराखंड में हरेला के नाम पर हर साल लाखों पेड़ रोपे जाते हैं जो कुछ महीनों के बाद आग से जलकर राख बन जाते हैं।

ध्यान देना होगा कि यहां पर बहुत पुराने पेड़ हैं जो आग लगने के बावजूद भी धरती की सेवा करते हैं और इसके नीचे वनस्पतियां स्वयं ही उग आती है।इस महत्वपूर्ण ईकोसिस्टम को बर्बाद करके जो संदेश दिया जा रहा है उसमें जलवायु संकट के प्रति बेहद उदासीनता दिखायी दे रही है। अच्छा होता कि एलिवेटेड रोड बनाकर इस क्षेत्र के प्रसिद्ध एलिफेंट कॉरिडोर में रहने वाले जीव जंतुओं को भी सुरक्षा मिलती और देश-विदेश के लोग जब यहां से गुजरते तो उन्हें देवभूमि की खूबसूरती देखने का अंदाज यहीं से होता। लेकिन पहाड़ी राज्य की राजधानी को मैदाने के जैसे प्रदूषण युक्त शहरीकरण बनाने की दिशा में यह कदम बहुत ही निराशाजनक है।

उत्तराखंड हिमालय का अनुभव है कि यहां ऊपरी क्षेत्र इसी तरह से मिट्टी, पानी, जंगल को बुरी तरह नुकसान पहुंचाकर चौड़ी सड़कों के निर्माण के बाद भीषण बाढ़ और भूस्खलन की समस्याएं बढ़ती जा रही है। मानसून की शुरूआत से ही भूधंसाव और भूस्खलन के दो बड़े कारण इस तरह के निर्माण कार्यों से पैदा हुए हैं। हिमालय की तलहटी से लेकर उच्च हिमालय तक राजमार्ग मंत्रालय का यह आविवेकपूर्ण कार्य बहुत चिंताजनक है। उन्हें बार-बार समझाने के बावजूद भी वे यहां की स्थिति को देखकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जिस तरह के निर्माण की आवश्यकता यहां है, उसमें की जा रही घोर लापरवाही के ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं जहां 10-15 मिनट के जाम से निजात पाने के लिए अनेकों जंगल गायब हो गये है।

प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल के द्वारा सूचना अधिकार में ली गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 वर्षों में प्रतिदिन 5 हैकटेयर (250 नाली) वन भूमि का हस्तांतरण विकास के नाम पर हुआ है। जिसके चलते वनों पर बहुत संकट खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि 9 नवंबर 2000 से जून 2026 तक विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए 46,203.76 हेक्टर वन भूमि का हस्तांतरण किया गया है। सबसे अधिक जल विद्युत के लिए 22,250.08 हैकटेयर, सड़क निर्माण में 17,070.03 हैकटेयर,खनन कार्य के लिए 9,289.81 हेक्टर, हाई वोल्टेज लाइन हेतु 456.18 हेक्टर और पेयजल योजनाओं के लिए 294.56 हेक्टेयर वन भूमि कम हुई है, जहां लाखों पेड़ काटे गये। पिछले चार वर्ष पहले 1.21 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि खेती से बाहर भी हो गई है। जबकि खेती की जमीन 10 प्रतिशत से भी कम है और वन भूमि 71 प्रतिशत में है। अतः झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य जहां वन संपदा भरपूर मात्रा में है वह विकास के नाम पर तेजी से घट रही है। यह चिंता पलायन रोकने वालों और फाइलों में इको फ्रेंडली विकास की बहस के बीच अटकी हुई व्यवस्था को विकास और पर्यावरण के बीच रचनात्मक संबंध बनाने होंगे। जिसके लिए शीघ्र ही अनियोजित वन कटान रोकना होगा।

**-सुरेश भाई**

**(लेखक ख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद हैं।)**

# कुरैशी की पुस्तक से उठा सवाल, मनमोहन को 'आत्महत्या' के लिए क्यों 'मजबूर' कर रहे थे कांग्रेसी मंत्री?

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी की आने वाली पुस्तक ने देश की राजनीति में जोरदार हलचल मचा दी है। सबसे सनसनीखेज खुलासा उस घटना का है, जब वर्ष 2012 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने उनसे कथित तौर पर कहा, "यदि आप ऐसा सोचते हैं तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह टिप्पणी उस समय सामने आई, जब कुरैशी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री से शिकायत की थी कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ मंत्री और नेता चुनाव आयोग की संवैधानिक गरिमा पर लगातार चोट कर रहे हैं। कुरैशी ने इस पूरे घटनाक्रम को अपनी पुस्तक के उस अध्याय में दर्ज किया है, जिसका शीर्षक है, "वह दिन जब प्रधानमंत्री ने अकल्पनीय बात कह दी।"

कुरैशी के अनुसार उन्होंने अपनी पीड़ा प्रधानमंत्री के तत्कालीन प्रेस सलाहकार हरीश खरे के सामने रखी। अगले ही दिन प्रधानमंत्री कार्यालय से तत्काल बुलावा आया। शाम को हुई मुलाकात में मनमोहन सिंह बेहद व्यथित नजर आए। कुरैशी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा, "यदि आपको ऐसा लगता है तो मैं आत्महत्या कर लूंगा।" यह सुनकर वह खुद भी स्तब्ध रह गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी शिकायत प्रधानमंत्री से नहीं, बल्कि कुछ मंत्रियों के व्यवहार से थी। इसके बाद मनमोहन सिंह ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें इस तरह की टिप्पणियों की कोई जानकारी नहीं थी। यदि पहले पता होता तो वह संबंधित मंत्रियों को कड़ी फटकार लगाते। उन्होंने यह भी कहा कि आगे कभी ऐसी कोई बात हो तो सीधे उन्हें बताई जाए।

कुरैशी के अनुसार मनमोहन सिंह ने चुनाव आयोग को भारत के लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि यदि यह संस्था कमजोर हुई तो सब कुछ कमजोर हो जाएगा। कुरैशी का दावा है कि इस मुलाकात के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी थम गई। हालांकि यहां एक सवाल यह उठता है कि क्या तत्कालीन कांग्रेसी मंत्री मनमोहन सिंह को आत्महत्या जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर कर रहे थे?

साथ ही पुस्तक में कुरैशी ने एक और चौंकाने वाली बात कही है। उनका कहना है कि सरकार का हाथ हमेशा लंबा होता है, जबकि विपक्ष को सहारे की जरूरत पड़ती है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अपने कार्यकाल के दौरान उनके उदार रवैये का लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला। यह टिप्पणी सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में नई बहस शुरू हो गई है कि आखिर पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त किस संदर्भ में यह बात कह रहे थे और इसका वास्तविक अर्थ क्या है।

उधर, कुरैशी की पुस्तक के इन खुलासों पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी राजनीतिक रणनीति रही है। उन्होंने कहा कि जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार सत्ता में थी, तब भी उसके मंत्री आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर चुनाव आयोग के खिलाफ बयान देते थे और आज विपक्ष में बैठकर भी कांग्रेस चुनावी नतीजे मनमाफिक नहीं आने पर आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है। अमित मालवीय ने यह भी कहा कि कुरैशी के खुलासे से साफ है कि स्वयं मनमोहन सिंह अपने मंत्रियों की टिप्पणियों से दुखी थे और उन्हें अपने सहयोगियों पर नियंत्रण नहीं था।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के हमलों को पुरानी घटना के सहारे ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने कहा कि चुनिंदा घटनाओं और सुनी सुनाई बातों के आधार पर आज उठ रहे गंभीर सवालों को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता, निर्णय लेने की व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता के भरोसे को लेकर उठाए जाने वाले सवाल किसी संस्था पर हमला नहीं, बल्कि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा चुनाव आयोग को संविधान के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक मानती रही है और जहां जरूरी हो वहां जवाबदेही मांगना लोकतांत्रिक अधिकार है।

देखा जाये तो कुरैशी की पुस्तक केवल इस एक विवाद तक सीमित नहीं है। उन्होंने अपने लंबे प्रशासनिक जीवन के सौ महत्वपूर्ण प्रसंग इसमें शामिल किए हैं। वह लिखते हैं कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव का पद इसलिए स्वीकार नहीं किया, क्योंकि उन्हें डर था कि एक मुसलमान होने के कारण उनकी योग्यता से अधिक उनके धर्म की चर्चा होगी। उनका दावा है कि बाद में एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह तक कह दिया था कि वहां पहले से एक मुसलमान मौजूद है। पुस्तक में यह भी उल्लेख है कि पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद चुनाव आयोग ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को मादक पदार्थों के चुनावी इस्तेमाल को लेकर आगाह किया था, लेकिन इस पर गंभीर ध्यान कई वर्ष बाद गया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल आयोजन से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं पर भी चिंता जताने, उत्तर प्रदेश चुनाव में हाथी की मूर्तियों को ढकने के फैसले का बचाव करने और दूरदर्शन में अपनी नियुक्ति के समय सुषमा स्वराज द्वारा उनका खुलकर समर्थन किए जाने जैसी कई घटनाओं का भी विस्तार से जिक्र किया है।

कुल मिलाकर कुरैशी की पुस्तक ने एक साथ कई पुराने राजनीतिक घाव फिर से खोल दिए हैं। कहीं मनमोहन सिंह की संवेदनशील छवि सामने आती है, कहीं कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच टकराव की कहानी दिखाई देती है, तो कहीं भारतीय जनता पार्टी इन खुलासों के सहारे कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करती नजर आती है। चुनाव आयोग, सत्ता, विपक्ष और संवैधानिक संस्थाओं के इर्द गिर्द घूमती यह कहानी आने वाले दिनों में राजनीतिक बहस का नया केंद्र बनने वाली है।

**-नीरज कुमार दुवे**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 17 जुलाई 2026 भृगुवार आषाढ़ शुक्ल तृतीया**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। भृगुवार का दिन साक्षात ऐश्वर्य की देवी महालक्ष्मी की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन लक्ष्मी जी को श्वेत पुष्प अर्पित करना तथा लक्ष्मी चालीसा या श्री सूक्त का वाचन करना जीवन में असीम वैभव आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक प्रतिष्ठा में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। मां लक्ष्मी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। लक्ष्मी अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता महालक्ष्मी को सफेद पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सफेद चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में सफेद मिष्ठान का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। महालक्ष्मी कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। महालक्ष्मी मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए प्रमुख व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। लक्ष्मी नारायण जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी लक्ष्मी मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

भृगुवार के दिन घर के मुख्य हॉल में पूर्व की दिशा में जल से भरा हुआ पीतल का कलश स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात महालक्ष्मी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# ट्रेड डील की हकीकत बताने निकली भाकियू चढूनी, बाइक रैली

## किसान नेताओं ने कहा कि किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होगी भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बलदेव (मथुरा)।

- यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम महावन एसडीएम को दिया ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर प्रस्तावित भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील (एफटीए) के विरोध में बाइक रैली निकाल प्रदर्शन एवं नारेबाजी की। यूनियन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम महावन को सौंपा। यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान बलदेव कसबे में डाक बंगला पर इकठ्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए बाइक रैली निकाल सैकड़ों की संख्या में महावन तहसील पहुंचे।

जिला अध्यक्ष संजय पाराशर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष सोनवीर सिंह ने कहा प्रस्तावित व्यापार समझौता देश की कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व्यापारियों, पशुपालकों, रोजगार और खाद्य एवं आर्थिक संप्रभुता के लिए गंभीर खतरा है, समझौते से करोड़ों लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस डील से अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में बढ़ावा मिलने से छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। प्रदेश महासचिव सतीश चन्द्र मंडल प्रवक्ता गौरव तोमर ने कहा भारत के किसान गरीब हैं और खेती उनकी जीविका है जबकि अमरीकी किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा।



यदि सरकार डील निरस्त नहीं की तो किसान संवैधानिक तरीके से राष्ट्र व्यापी आंदोलन को बाध्य होंगे।

रैली व प्रदर्शनं में हरिपाल परिहार, हरिओम फौजी, योगेन्द्र, कुंतभोज, प्रमोद, रीतराम सिंह, रामप्रकाश, राकेश, अशोक, बहादुर, लाखन सिंह, योगेश, छत्तर सिंह, यशपाल, जगेश तोमर, प्रशांत, सौरभ शर्मा, बच्चू सिंह, भरत सिंह, राजू, मुकेश, दिनेश तोमर, शशी, पंकज, कान्हा पाराशर, कैलाश आदि किसानों ने भाग लिया।

# 40 एकड़ में बस रही अवैध कॉलोनी पर चला एवीडीए का बुलडोजर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई, मुख्य गेट, सड़कें और बाउंड्रीवाल जमींदोज

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। छाता-गोवर्धन रोड स्थित गांव सॉंखी (थाना बरसाना) में करीब 40 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही ह्यजेएसकेएस फेस-तृतीय धेनू वाटिकाह्व नाम की अनाधिकृत कॉलोनी पर मंगलवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने भारी पुलिस बल के साथ व्यापक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। प्राधिकरण सूत्रों के अनुसार अरविन्द झा और अमित अत्री द्वारा विकसित की जा रही इस कॉलोनी के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है।

जून 2023 में इसे ध्वस्त किया गया था, लेकिन इसके बावजूद कालोनाइजरों ने दोबारा अवैध निर्माण और प्लॉटिंग शुरू कर दी। शिकायत मिलने पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन के निर्देशन और सचिव आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची।

बरसाना थाना पुलिस के सहयोग से पहुंची टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनी के मुख्य गेट, साइट ऑफिस, भूखंडों की बाउंड्रीवॉल, आरसीसी सड़कों और बिजली के खंभों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके बाद सचिव आशीष कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और यदि कोई दोबारा निर्माण का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ और भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, रडार पर आए 400 म्यूल बैंक खाते, जांच हुई शुरू

**मथुरा।** मथुरा के हॉट स्पॉट क्षेत्रों में साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन के बीच अब पुलिस की नजर उन बैंक खातों पर भी टिकी है, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम के लेनदेन में होने की आशंका है। करीब 400 ऐसे म्यूल बैंक खाते पुलिस के रडार पर हैं। इन खातों की जांच शुरू कर दी गई है और संबंधित बैंक शाखाओं से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इनमें से बड़ी संख्या में खाते राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत खुलवाए गए थे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। लेकिन कुछ खाताधारकों को झांसे में लेकर या मामूली लालच देकर जालसाजों ने उनके खाते साइबर ठगी की गतिविधियों में इस्तेमाल करने शुरू कर दिए।

# भाजपा का हर पदाधिकारी बूथों को और मजबूत करे: कटारिया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- भाजपा मथुरा महानगर की मासिक जिला बैठक सम्पन्न
- 22 जुलाई को विधानसभा क्षेत्रवार बूथ सम्मेलन होंगे

भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर की जुलाई माह की मासिक जिला बैठक बुधवार को जिला कार्यालय, पुष्पांजलि में महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी एमएलसी अशोक कटारिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी संगठन की अपेक्षाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बूथों को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करें। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों एवं मोर्चा पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया।

बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई को मथुरा-वृंदावन विधानसभा एवं गोवर्धन विधानसभा के विधानसभावार बूथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। गोवर्धन विधानसभा में 401 बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समितियां, जबकि मथुरा-वृंदावन विधानसभा में 509 बूथ अध्यक्ष एवं बूथ समितियां सम्मेलन में भाग लेंगी। इन सम्मेलनों में संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण तथा चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा। संचालन महामंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी ने किया।

बैठक में महामंत्री विनीत शर्मा ज्ञानेंद्र राणा संजय शर्मा रामकिशन पाठक ललित गौतम चंद्रपाल कुंतल मलय राठौर जिला मीडिया श्याम शर्मा पूजा चौधरी दीपक गोला अंकुर गुर्जर मनोज ठाकुर सौनोठ परशुराम सिंह पूनम वाल्मीकि बलराम शर्मा शुभम ठाकुर मंडल अध्यक्ष लोकेश तायल नितिन कौशिक लोकेश निषाद राजू चौधरी जितेंद्र वार्ष्णेय प्रकाश गौड़ सुनील तरकर करतार सिंह कान्हा शर्मा सतेंद्र सिरोही हाकिम सिंह टीटू अजय सिंह राजावत अश्वनी सैनी आदि मौजूद थे।

महानगर के जिला पदाधिकारी, सह पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कान्हा की नगरी में ई-बसों ने की बंपर कमाई, छह महीने की आ गई रिपोर्ट, प्रदेश में नंबर-1 बना मथुरा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।




प्रदेश के प्रमुख शहरों में पर्यावरण अनुकूल यातायात को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही नगरीय बस सेवा की इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के जून के महीने के आंकड़े सामने आ चुके हैं। पूरे प्रदेश भर में 700 उपलब्ध बसों में से 524 बसों का संचालन किया गया, जिनसे कुल 5.75 करोड़ से अधिक की कमाई हुई और 23.3 लाख से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया। संचालन के मामले में मथुरा की ई-बस सेवा प्रदेश भर में अव्वल साबित हुई।

उत्तर प्रदेश सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, मथुरा की ई-बस सेवा ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश के विभिन्न शहरों की तुलना में मथुरा ने 100 प्रतिशत लोड फैक्टर हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया, जो यात्रियों की बढ़ती संख्या और ई-बस सेवा की लोकप्रियता को दशार्ता है। जून 2026 के ऑपरेशनल डाटा के अनुसार, मथुरा में उपलब्ध 50 ई-बसों में से 39 बसों का संचालन किया गया। इन बसों ने 1,90,969 किलोमीटर का मार्ग तय करते हुए 1,53,969 यात्रियों को सफर का आनंद दिलाया।

इस दौरान 66.26 लाख रुपये से अधिक की आय हुई। रिपोर्ट के अनुसार, मथुरा की (प्रति किलोमीटर आय) 34.70 रुपये रही, जो सूची में शामिल प्रदेश के सभी शहरों में सबसे अधिक है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत लोड फैक्टर भी प्रदेश में सर्वोच्च है। मथुरा में प्रति बस औसतन 132 यात्री यात्रा कर रहे हैं, जबकि प्रति बस औसत राजस्व 5,664 रुपये रहा। प्रदेश स्तर पर जून माह में कुल 700 ई-बसों में से 524 बसों का संचालन हुआ। इन बसों ने 26.01 लाख किलोमीटर का सफर तय करते हुए 23.30 लाख यात्रियों को सेवा दी और 5.75 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित की।

आगरा-मथुरा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के एआरएम राधा कृष्ण ने बताया कि धार्मिक नगरी में हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सिटी बसों से सफर करना उन्हें सुविधा जनक लगता है। इस कारण अधिकांश यात्री सिटी बसों से सफर करना पसंद कर रहे हैं। इस आरामदायक सुविधा के कारण ही मथुरा जनवरी के महीने से ही पहले स्थान पर बना हुआ है और लगातार छह महीने जून तक पहले स्थान पर काबिज है।

### अभिनव अरोड़ा की कार में आग लगी, मंत्र जपते रहे बाल कथावाचक, माता-पिता और बहन के साथ आए थे वृंदावन

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर परिवार के साथ वृंदावन से दिल्ली जा रहे बाल कथावाचक अभिनव अरोड़ा की कार रविवार देर रात हादसे का शिकार हो गई। माइल स्टोन 84 पर गांव नगला बरी के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अभिनव के पिता तरुण अरोड़ा ने कार को सड़क किनारे खड़ा किया और पूरे परिवार को बाहर निकाला। इस दौरान बाल कथावाचक पास में खड़े-खड़े मंत्रों का जाप करते रहे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार विकासपुरी, दिल्ली निवासी तरुण अरोड़ अपनी पत्नी ज्योति अरोड़ा, बेटे बाल कथावाचक अभिनव अरोड़ा और मन्नत अरोड़ा के साथ डस्टर कार में सवार होकर देर रात वृंदावन से दिल्ली जा रहे थे। कार को तरुण अरोड़ा चला रहे थे। जैसे ही कार एक्सप्रेसवे पर सुरीर थाना क्षेत्र स्थित माइल स्टोन 84 पर गांव नगला बरी के पास पहुंची, वैसे ही कार से धुआं उठने लगा।

यह देर तरुण अरोड़ा ने तुरंत कार को सड़क किनारे कच्चे हिस्से में खड़ा कर दिया। आनन फानन पूरा परिवार कार से बाहर निकल गया। इसी बीच पूरी कार में आग फैल गई।

# कांग्रेस प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लाक स्तर चलाएगी जनसंवाद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

सेठबाड़ा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर की अध्यक्षता में पार्टी की समीक्षा बैठक में भाजपा छोड़ कर आए ग्राम प्रधान बरारी धर्मेन्द्र सिंह , अमित दीक्षित, राजेश सारस्वत ने अपने साथियों सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लाक स्तर जनसंवाद कार्यक्रम चलाएगी। जिसमें पार्टी के पदाधिकारी गांव गांव जाकर प्रवास करेंगे और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का पोल खोल अभियान चलाएगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस वर्तमान में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सांप्रदायिकता फैलाना चाहती है धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है जहां एक तरफ आम जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशान है शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को दरकिनार कर आमजनता को भ्रमित कर लोकतंत्र के अधिकारों पर प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में दान चढ़ावा चोरी घटना के डेढ़ माह उपरांत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व संघ प्रमुख मोहन भागवत ने चुप्पी साध रखी है कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि आगामी दिनों में कांग्रेस मथुरा जनपद की प्रत्येक विधानसभा एवं ब्लाक स्तर पर जनसंवाद हेतु गांव प्रवास करके भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का पोल खोल अभियान चलाएगी।

पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि ने कहा कि आए दिन प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचार सरकार की दलित विरोधी मानसिकता स्पष्ट हो गई है। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का असर जमीन पर असर दिखा रहा है। महिला युवा पुरुष कांग्रेस पार्टी से निरंतर जुड़ रहे हैं। बैठक का संचालन जिला महासचिव वैद्य मनोज गौड़ ने किया। इस अवसर पर प्रेमशंकर शर्मा, रूपा लवानिया, कमलेश चौधरी, गीता दिवाकर, गौरांग अग्रवाल, जिलानी कादरी, लक्ष्मी नारायण, शैलेंद्र चौधरी, दीपक सिंह, मनीष चौधरी, योगेश यादव, बलवीर प्रधान, मोहित शर्मा, पूरन सिंह, कुलदीप चतुर्वेदी, अनिल खरे, राजेश कुमार आदि की उपस्थित थे।

# मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए रेलवे का मेगा प्लान, बढ़ेंगे टिकट काउंटर, मुख्य रास्तों पर रहेगी नजर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेले को लेकर रेलवे में बेहद खास प्लान तैयार किया है। रेलवे के प्लान में देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा के लिए कई अहम कदम उठाने निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मथुरा जंक्शन और गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर व्यापक एवं विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

मेले में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बारे में मंडल में आए नए अधिकारी पिछले वर्षों का अध्ययन करने में जुटे हुए हैं। दोनों स्टेशन पर रेलवे ने सुरक्षा, चिकित्सा, सफाई और टिकट प्रबंधन को लेकर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की है। मथुरा जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार (मालगोदाम साइड) और तृतीय प्रवेश द्वार (धौली प्याऊ की ओर) पर विशेष यात्री शेड बनाए गए हैं। इसके अलावा प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों प्रवेश द्वारों पर अतिरिक्त टिकट बुकिंग काउंटर और पूछताछ काउंटर खोले जाएंगे, ताकि यात्रियों को टिकट और जानकारी के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

मथुरा जंक्शन, भूतेश्वर और गोवर्धन स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ और स्काउट एवं गाइड के



प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की 24 घंटे विशेष ड्यूटी लगाई गई है। सभी प्रवेश द्वारों पर हेल्प डेस्क और इन्फॉर्मेशन बूथ बनाए जाएंगे। साथ ही एक समर्पित खोया-पाया केंद्र भी संचालित होगा।

स्टेशन पर मेडिकल स्टाफ की टीम को भी अलग से स्थान दिया जाएगा। मेले के लिए चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाने पर योजना भी तैयार की है। आपात स्थिति के लिए विशेष स्पेयर रैक (ट्रेन की बोगियां) तैयार रखने की व्यवस्था की गई है। संबंधित स्टेशन के प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालयों की सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार गौतम ने बताया कि मुड़िया पूर्णिमा मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर और हेल्प डेस्क तैयार किए जाएंगे।

### टनकपुर-अछनेरा स्पेशल के 55 फेरे बढ़ाए

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 05062-05061 टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष ट्रेन के संचालन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब यह विशेष ट्रेन 16 जुलाई से 29 सितंबर तक प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार, रविवार, सोमवार और मंगलवार को कुल 55 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। यह ट्रेन मथुरा रेलखंड से होकर गुजरती है, जिससे मथुरा और आसपास के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। रेलवे के अनुसार ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 13 साधारण द्वितीय श्रेणी, 2 वातानुकूलित चेयर कार (एसी कुसीर्यान) तथा 2 एसएलआरडी कोच शामिल होंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सफदर हुसैन ने बताया कि ट्रेन के समय, ठहराव और अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ववत रहेंगी। संचालन अवधि बढ़ाए जाने से टनकपुर, बरेली, कासगंज, अछनेरा और मथुरा रेलखंड के यात्रियों को आवागमन में अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

# पन्द्रह दिवसीय चित्रकला एवं स्कैचिंग कार्यशाला का शुभारंभ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

वृन्दावन शोध संस्थान में बुधवार को पन्द्रह दिवसीय चित्रकला एवं स्कैचिंग कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। ब्रज कला, हमारी पहचान विषयक कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों को ब्रज की पारंपरिक चित्रकला का परिचय, राधा कृष्ण लीला चित्रांकन, ब्रज के लोक एवं धार्मिक दृश्य, स्कैचिंग की मूल तकनीकें, रंग संयोजन एवं चित्र निर्माण तथा प्रतिभागियों की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

ललित कला अकादमी के सदस्य एवं कार्यशाला के प्रशिक्षक अनिल सोनी ने कहा स्कैचिंग कल्पना को हकीकत में बदलने का माध्यम है, जो मस्तिष्क और हाथों के बीच बेहतर समन्वय बनाती है। वर्तमान में कला के क्षेत्र में करियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। कला जीवन के हर पहलू से जुड़ी हुई है। जीवन, सुख दुःख सभी की अभिव्यक्ति कला के माध्यम से की जा सकती है। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य में बचपन से ही कला के प्रति रूझान होता है। वह स्वयं को अभिव्यक्त करना चाहता है जैसे बच्चे दीवारों पर विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाकर स्वयं को अभिव्यक्त करते है। मनुष्य आदिकाल से जब वह आदिम अवस्था में था, तब भी फूल, पत्ती एवं पत्थरों के रंग बनाकर गुफाओं में चित्र बनाया करता था। ब्रज संस्कृति संग्रहालय की क्यूरेटर ममता कुमारी ने विद्यार्थियों को संस्थान के बारे में जानकारी प्रदान की तथा संस्थान द्वारा जो कार्यशालाएं एवं आयोजन विद्यार्थियों एवं बच्चों के लिए किये जाते हैं, उनकी जानकारी प्रदान की। अतिथियों का स्वागत प्रशासनाधिकारी रजत शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यशाला का समन्वय एवं संचालन ब्रज संस्कृति संग्रहालय की क्यूरेटर श्रीमती ममता कुमारी द्वारा किया गया। इस दौरान गणेश शर्मा, निक्की शर्मा, सोनाक्षी, वैष्णवी, रोनक अग्रवाल, त्रिशा देवी, प्रियांशी एवं हर्षिता गौड़ सहित संस्थान के समस्त कर्मी उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

11 यू.पी. बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल विक्रांत त्यागी(सेना मेडल) के निर्देशन में ओ.डी. कॉम्प्लेक्स, मथुरा में चल रहे दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-44 के पांचवें दिन महर्षि दयानंद सरस्वती जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. दयाशंकर शर्मा ने कैडेट्स को प्राथमिक उपचार एवं अच्छे स्वास्थ्य की जानकारी प्रदान की।उन्होंने विभिन्न आपातकालीन घटनाओं में प्राथमिक उपचार के महत्व से कैडेट्स को विशेष रूप से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कैडेट्स को सीपीआर (ब्प्त्) बारीकियों से अवगत कराते हुए बताया कि एक मिनट में 100 से 120 बार सीने को दबाना चाहिए और इसके बीच में दो बार कृत्रिम सांस भी देनी चाहिए। डॉ. शर्मा ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अधिक से अधिक हरी सब्जियां व मौसमी फल खाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने स्नेक बाइट (सर्पदंश), टाइफाइड, मलेरिया एवं विभिन्न संचारी रोगों के लक्षण, बचाव तथा रोकथाम के उपायों की भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। ऑफिसर विशम्भर दयाल ने कैडेट्स को राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व, आवश्यकता एवं राष्ट्रीय एकीकरण को विघटित करने वाले कारकों के बारे में जानकारी प्रदान की। ट्रेनिग जे.सीओ. सुखविंदर सिंह ने कैडेट्स को सेना में दिए जाने वाले पदक एवं रैको के विषय में अवगत कराया।इस अवसर पर कैम्प एडजुटेंट कैप्टन नूतन कुमार, ले. अभिषेक सोलंकी, डॉ. हीरालाल, सूबेदार मेजर राजविंदर सिंह, बी.एच.एम. साहब सिंह सहित समस्त पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

# गांव खंडेरा में पोखर से कराई जल निकासी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, बलदेव।

विकासखंड बलदेव की ग्राम पंचायत खडेरा में कई माह से उत्पन्न जलभराव की समस्या के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मंगलवार को विकास खंड अधिकारी नेहा रावत के दिशा निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सुबह से ही विकास खंड की पूरी टीम, एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव, लेखपाल तथा पुलिस बल की ने टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया, ग्रामीणों की जल निकासी की समस्या कई महीनों से चल रही थी। समय समय पर इस समस्या की मांग भी उठाई गई थी।

ग्रामीणों द्वारा सोमवार को मथुरा में वरिष्ठ अधिकारियों से जल निकासी की शिकायत पर मंगलवार को पूरा विकास खंड की टीम गांव में सुबह से ही पहुंच गई। ग्रामीणों के संयुक्त प्रयासों एवं समन्वित कार्यवाही के माध्यम से जल निकासी की व्यवस्था कर जलभराव की समस्या का निस्तारण कराया गया। पोखर से ट्रैक्टर की पम्प सेंट से जल निकासी कराई गई। जेसीबी से पोखरा की मिट्टी निकलवाकर किनारे लगवाई गई। जिससे ग्रामीणों के साथ बलदेव क्षेत्र से जुड़े एक दर्जन ग्रामीणों को राहत प्राप्त हुई। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि भविष्य में ऐसी परिस्थितियों की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए नियमित निगरानी एवं आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। इस दौरान एडीऔ पंचायत मुकेश कुमार लेखपाल नीरज, सचिव अन्नू चौधरी, विजेंद्र सिंह प्रधान, ललित कुमार शर्मा सुरेश चंद्र एस आई वीरपाल सिंह, सज्जन दादा आदि मौजूद रहे।

# फर्जी आधार, नकली सिम और साइबर ठगी का खेल, गैंगस्टर शाहिद 1.20 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

मथुरा के थाना गोवर्धन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल, तीन फर्जी आधार कार्ड और एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी सोमवार रात नगला सपेरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर की गई। आरोपी की पहचान गांव देवसेरस निवासी शाहिद (26) के रूप में हुई है।

सीओ अनिल कुमार सिंह के अनुसार, आरोपी शाहिद फर्जी आधार कार्ड बनाने में पारंगत था। वह अपनी फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार करता था। इसके बाद फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल फोन का सहारा लेकर अपनी पहचान छिपाता था। वह लोगों को फोन करके, लिंक भेजकर, ओटीपी मांगकर या अन्य तरह के झांसे देकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर करवाता था।

आरोपी के खिलाफ गोवर्धन थाने समेत मथुरा जनपद के तीन थानों में 18 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें ज्यादातर साइबर फ्रॉड, फर्जी दस्तावेज बनाने, अवैध गांजा रखने और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामले शामिल हैं। पूछताछ के बाद चालान तैयार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस आगे की जांच में उसके अन्य सहयोगियों और पूरे नेटवर्क का खुलासा करने का प्रयास कर रही है। बरामद गांजे के स्रोत की भी तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गोवर्धन थाना टीम साइबर फ्रॉड के मामलों में विशेष अभियान चला रही है। फर्जी दस्तावेजों की फैक्ट्री चलाने वाले गिरोहों पर नजर रखी जा रही है।

# नगला अनी हत्याकांड पर कांग्रेस की एंट्री, लुइस खुर्शीद ने पीड़ित परिवार से मिलकर उठाए सवाल

**टीएनएफ टुडे, एलाऊ।**



थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव नगला अनी में बिजली की केबल डालने को लेकर हुए विवाद में युवक की मौत का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के दौरे के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद के नेतृत्व में गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक विकास कुमार के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

गौरतलब है कि 3 जुलाई को नगला अनी गांव में बिजली की केबल डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान अनुसूचित जाति के विकास कुमार पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान 5 जुलाई की देर शाम सैफई मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। अगले दिन शव गांव पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने किशनी-मैनपुरी मार्ग स्थित लेखराजपुर तिराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया था। प्रशासन द्वारा कार्रवाई और आर्थिक सहायता का आश्वासन दिए जाने के बाद जाम समाप्त हुआ और अंतिम संस्कार किया गया।

बुधवार दोपहर करीब एक बजे पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद, प्रकाश प्रधान, गोपाल कुलश्रेष्ठ, शकुंतला देवी, अर्चना राठौर, ममता राजपूत समेत कांग्रेस के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गांव पहुंचकर मृतक विकास कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली। मीडिया से बातचीत में लुइस खुर्शीद ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि शुरूआती विवाद के बाद पुलिस समय रहते प्रभावी कार्रवाई करती तो शायद यह घटना इतनी गंभीर न होती। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि जो भी दोषी हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मामले में जातिवाद और पैसे के लेन-देन जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस किसी पूर्वाग्रह के बजाय निष्पक्ष जांच चाहती है ताकि सच्चाई सामने आ सके। कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार से मृतक के परिजनों को उचित आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई। मौके पर मौजूद एसडीएम संध्या शर्मा से उन्होंने पीड़ित परिवार के खेत तक जाने के लिए रास्ते की व्यवस्था तथा खेत में पानी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। वहीं सीओ सिटी अजय कुमार से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के गांव पहुंचने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। लगातार दूसरे दिन विपक्षी दलों के नेताओं के गांव पहुंचने से नगला अनी हत्याकांड को लेकर क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं।

# साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, तीन अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी व जियो पेमेंट किट बरामद

**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**



मैनपुरी साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी, मोबाइल फोन, जियो पेमेंट किट तथा साइबर अपराध में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

मामला थाना भोगांव क्षेत्र के कस्बा भोगांव का है। पीड़ित सोवरन सिंह ने अपने निमार्णाधीन भवन पर लेंटर डालने के लिए ऑनलाइन अच्छी गुणवत्ता की लोहे की सरिया खरीदने हेतु इंटरनेट पर जानकारी खोजी थी। इसी दौरान साइबर ठगों ने उनसे संपर्क किया और खुद को सरिया सप्लाई करने वाली कंपनी का प्रतिनिधि बताकर भरोसे में ले लिया।

आरोप है कि ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर सोवरन सिंह से कई किस्तों में कुल 6 लाख 97 हजार रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। भुगतान के बाद भी जब सरिया की डिलीवरी नहीं हुई और संपर्क करने पर आरोपी टालमटोल करने लगे, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने मैनपुरी साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों के विवरण और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हिमांशु श्रीवास्तव निवासी शाहपुर हरिवंश, थाना लंभुआ, जनपद सुल्तानपुर, तथा नीलेश और विमल निवासी प्रेम नगर, थाना कोतवाली, जनपद कन्नौज के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से नगदी, मोबाइल फोन और जियो पेमेंट किट सहित साइबर अपराध में प्रयुक्त अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी ऑनलाइन खरीदारी से पहले संबंधित कंपनी और विक्रेता की पूरी तरह जांच-पड़ताल करें तथा बिना सत्यापन के किसी भी खाते में धनराशि स्थानांतरित न करें।

# पीड़ित की दो पुत्रियों को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, नामजदों पर कार्यवाही की मांग

**टीएनएफ टुडे, करहल।**



करहल थाना क्षेत्र के मिठेपुर इलाके के एक पीड़ित ने अपनी दो पुत्रियों को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है, जिसके चलते वह करहल तहसील मुख्यालय पहुंचा और क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की।


पीड़ित के अनुसार उसकी एक नाबालिग तथा एक बालिग पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल से चली गई हैं। आरोप है कि नाबालिग पुत्री को बलरई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला विशुन निवासी मुस्कान पुत्र धर्मेन्द्र राजपूत बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जबकि बालिग पुत्री को रिश्तेदार शमशाद अली पुत्र नसरुद्दीन निवासी कल्होर अपने साथ ले गया।

पीड़ित का आरोप है कि उसने दोनों नामजद आरोपियों के विरुद्ध करहल थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की, लेकिन पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाय केवल गुमशुदगी दर्ज करने की बात कह रही है। पीड़ित का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

न्याय की मांग को लेकर पीड़ित करहल तहसील मुख्यालय पहुंचा, जहां उसने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। उसने अपनी पुत्रियों की सकुशल बरामदगी और नामजद आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की।

क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग पुलिस से शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# करहल में भारतीय किसान यूनियन का जोरदार प्रदर्शन, छह सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**टीएनएफ टुडे, करहल।**

भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सोमवार को किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर करहल में जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान करहल के घिरोर चौराहे पर एकत्रित हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए करहल तहसील पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार और प्रशासन से उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

तहसील परिसर पहुंचने के बाद किसानों ने करहल के एसडीएम को छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने प्रमुख सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कराने, ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

इसके अलावा किसानों ने क्षेत्र में बढ़ती आवारा गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान करते हुए उन्हें गौशालाओं में भेजने, असंक्रमणीय भूमि को संक्रमणीय घोषित करने तथा कुशियारी से बमतापुर तक माइनर में सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की भी मांग की। किसानों का कहना था कि इन समस्याओं के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है और ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन से चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। किसानों ने कहा कि वे लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।



ज्ञापन प्राप्त करने के बाद एसडीएम ने किसानों को उनकी सभी मांगों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद किसान शांतिपूर्वक वापस लौट गए। इस अवसर पर रूपेंद्र शाक्य, लालता प्रशाद, गोविंद यादव, शिवपाल सिंह, डॉ रामशंकर यादव, वीरेंद्र कुमार, सत्यप्रकाश, डॉ दुर्वेश पायथा, अनुज यादव, गणेश राजपूत, प्रेम शंकर समेत आदि तमामं लोग मौजूद रहे।

# सांसद अक्षय यादव ने केक काटकर मनाया पूर्व एमएलसी का जन्मदिवस

**करहल (मैनपुरी)।** बुधवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव का जन्मदिन करहल स्थित उनके आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर फिरोजाबाद के सांसद अक्षय यादव ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

जन्मदिन समारोह में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समर्थकों ने अरविंद प्रताप यादव का फूल-मालाएं पहनाकर एवं पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान रामनरेश यादव, प्रदीप पाल (प्रधान), समर पाल यादव (प्रधान), पुष्पेंद्र यादव (आजमपुर), बंटू यादव (पूर्व प्रधान), सुनील यादव (प्रधान प्रत्याशी), तहार सिंह प्रधान, हरगोविंद (डीलर), रविंद यादव, मोहित यादव, राजीव यादव, रामबीर सिंह कठेरिया (पूर्व प्रधान) सहित बड़ी संख्या में प्रधान, जनप्रतिनिधि, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व एमएलसी अरविंद प्रताप यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीघार्यु की कामना की।

# 8.50 करोड़ रुपये से शहर की बदलेगी सूरत, होंगे विकास कार्य



**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**

नगर पालिका बोर्ड की बैठक बुधवार को नगर पालिका के सभागार में हुई। बैठक में शहर के विकास के लिए 8.50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। इन प्रस्तावों में नई बस्तियों में पक्की सड़कें, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करना शामिल है। इसके साथ ही बरसात के पानी की निकासी के लिए नाला और नालियों का निर्माण भी किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बुद्धि प्रकाश ने सभासदों और शहर के लोगों की मांग पर ये प्रस्ताव प्रस्तुत किए। इन प्रस्तावों का मुख्य उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना है। बैठक पालिकाध्यक्ष संगीता गुप्ता की मौजूदगी में हुई। सभी उपस्थित सभासदों ने इन विकास कार्यों पर अपनी सहमति जताई। इन परियोजनाओं से शहर के निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विशेषकर नई बस्तियों में रहने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा। पेयजल लाइनों से स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। नाला और नालियों के दुरुस्त होने से जलभराव की समस्या कम होगी। प्रकाश व्यवस्था में सुधार से रात में लोग सुरक्षित रहेंगे।

इस अवसर पर अवर अभियंता पूरन सिंह, धर्मराज सिंह, इंस्पेक्टर शिशुपाल, अरुण कुमार, कार्यालय प्रभारी वरुण मिश्रा, सभासद विनय भैया, देव कुमार, मधु यादव, कौशलेंद्र, अवधकिशोर, आर्यन, अश्वनी गोस्वामी, संजय यादव, चरन सिंह, राजीव कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

बकाया जमा कराने पर भी हुई चर्चा

बैठक में नगर के लोगों पर बकाया जल और गृह कर पर भी चर्चा की गई। सभासदों से कहा गया कि वे अपने वार्ड के लोगों को नगर पालिका का बकाया जमा कराने के लिए प्रेरित करें। इससे कि नगर पालिका को राजस्व लाभ हो सके।

### संचारी रोग नियंत्रण पर भी डाला गया प्रकाश

बोर्ड की बैठक में शहर में जलभराव की समस्या पर भी चर्चा हुई। सभासद मधु यादव ने कहा कि उनके वार्ड में कुछ स्थानों पर जलभराव हो रहा है। वहां पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए वार्ड में एंटी लार्वा के छिड़काव की भी बात रखी। इस पर ईओ और चेयरमैन ने हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# बुखार ने पसारे पैर, 10 माह की कुपोषित बच्ची सहित दो की मौत

**टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।**



बुखार ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। बुखार से पीड़ित 10 माह की कुपोषित बच्ची और एक वृद्धा ने दम तोड़ दिया है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटे में जिला अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 21 मरीजों को भर्ती कराया गया है। दो मरीजों को हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर किया गया है।

पिछले कुछ दिनों से जिले में उमसभरी गर्मी के साथ तेज धूप देखने को मिल रही है। मौसम में हुए परिवर्तन के कारण बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की भीड़ नजर आई। यहां 741 मरीजों ने प्राथमिक उपचार लिया। एलाऊ थाना क्षेत्र के गांव तारापुर निवासी गुलशन की 10 माह की पुत्री काव्या को कुछ दिन पहले बुखार और कुपोषण की स्थिति के कारण जिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र पर भर्ती कराया गया था। बुधवार की दोपहर अचानक काव्या की हालत बिगड़ी तो उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी लाया गया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना बिछवां क्षेत्र के गांव सूरजपुर निवासी हरप्यारी (75) पत्नी दम्मीलाल को पिछले कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन एक निजी डॉक्टर से उपचार करा रहे थे।

मंगलवार की रात हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ. राज सिंह ने बताया कि बच्ची बुखार के साथ खून की कमी से जूझ रही थी। उसे हर संभव उपचार दिया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। वहीं वृद्धा को मृत अवस्था में ही अस्पताल लाया गया था।

# बिना बिल के बिक्री हो रही थीं एंटीबायोटिक और नारकोटिक्स की दवाएं

**मैनपुरी।** एक मेडिकल स्टोर पर बिना बिल के ही दवाइयों की बिक्री की जा रही थी। बीते सोमवार को औषधि विभाग ने निरीक्षण किया तो ये कमियां सामने आईं। इसके बाद संचालक को 11 दिन में बिल दिखाने के लिए कहा गया है।

औषधि निरीक्षक दीपक कुमार ने 13 जुलाई को देवी बाईपास रोड स्थित अयांश मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। यहां छह प्रकार की एंटीबायोटिक एवं नारकोटिक्स दवाइयों के बिल उपलब्ध नहीं मिले। जिनकी कीमत करीब 69890 रुपये थी। इन दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई। औषधि निरीक्षक को इस दौरान 6600 एनआरएक्स-सेबोजोलम 0.5 एमजी टैबलेट, 540 एनआरएक्स-अल्प्राविन टैबलेट, 120 एनआरएक्स-विनजोसिन इंजेक्शन और 480 एनआरएक्स-सेम्प्लक्स कैप्सूल कुल 7740 नारकोटिक्स औषधियों के बिल नहीं मिले।

जबकि एंटीबायोटिक औषधि के 13 मेरोबैक्ट-एस इंजेक्शन, 300 ग्लोक्साइम 500 टैबलेट के बिल भी संचालक नहीं दिखा सका। इस पर औषधि निरीक्षक ने मौके पर ही सभी छह प्रकार की औषधियों को सील करते हुए बिक्री पर रोक लगा दी। 11 दिन के अंदर संचालक से बिल मांगे गए हैं। औषधि निरीक्षक ने कहा कि निर्धारित समय में बिल न मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली कटौती से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**टीएनएफ टुडे, करहल।**

मोहल्ला विरतियान में मंगलवार रात कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज महिलाओं व मोहल्लेवासियों ने प्रदर्शन किया। ऊर्जा मंत्री को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की।

मोहल्ला वासियों का आरोप है कि फाल्ट होने के बाद रातभर बिजली नहीं आई। शिकायत करने पर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने अभद्रता करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। लोगों का कहना है कि अधिक वोल्टेज के कारण कई घरों के विद्युत उपकरण भी खराब हो गए। मोहम्मद आसिफ, मीना वर्मा, कुमकुम, ममता, अंशु, मीरा, मनीष, अनमोल, निखिल, मानव मौजूद रहे।

# सीडीओ ने सुनीं किसानों से समस्याओं, समाधान का भरोसा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।




बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ ने किसानों की शिकायतें सुनी समय रहते शिकायतों और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

किसान दिवस पर हुए कार्यक्रम मे कृषि, उद्यान, गन्ना, विद्युत, नहर, सहकारिता, पशुपालन, कृषि विज्ञान केंद्र, मंडी समिति, जिला अग्रणी बैंक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। बैठक में किसानों ने सहकारी समितियों पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने, धान की रोपाई को देखते हुए नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। गन्ना विभाग द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति से किसानों को अवगत कराया गया।

- विकास भवन सभागार में किसान दिवस हुआ आयोजन
- किसानों ने सीडीओ के समक्ष रखी समस्याएं

कृषि विभाग ने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक फसलों का बीमा कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि सूखा अथवा अतिवृष्टि से होने वाले नुकसान की स्थिति में उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। उद्यान विभाग ने विभागीय अनुदानित योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कम वर्षा की स्थिति में सीमित जल से धान की उन्नत खेती एवं जल संरक्षण आधारित तकनीकों की जानकारी किसानों को प्रदान की। पशुपालन विभाग ने बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए तथा 22 जुलाई से प्रस्तावित टीकाकरण अभियान की जानकारी दी। जिला अग्रणी बैंक ने किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की अपील की।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर जिले के किसान एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल महिला को एसडीएम ने सरकारी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

- एसडीएम की इंसानियत और संवेदनशीलता की लोग कर रहे चर्चा
- मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार दम्पति पर गिरी थी पेड़ की डाल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



इंसानियत और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए कासगंज के एसडीएम मोहम्मद नासिर ने हादसे में घायल महिला की समय रहते मदद कर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने घायल महिला को अपनी सरकारी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। लोग एसडीएम के इस मानवीय प्रयास की सराहना कर रहे हैं।

कासगंज एटा रोड स्थित गांव बढ़ारी वैश्य के पास पीपल के पेड़ की एक बड़ी डाल अचानक गिर गई। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार आकाश और उनकी पत्नी कुमकुम निवासी ग्राम नौगांव, थाना गंगीरी, जनपद अलीगढ़ उसकी चपेट में आ गए। घटना के समय मौके से गुजर रहे एसडीएम मोहम्मद नासिर के वाहनों को रुकवाकर पति ने मदद की गुहार लगाई। एसडीएम ने बिना समय गंवाए तुरंत घायल महिला को अपनी सरकारी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का उपचार किया गया है। एसडीएम की इंसानियत लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# कादरगंज पहुंचे एसपी, लोगों से की शांति सौहार्द की अपील

- मंगलवार को गांव की महिला की हुई थी हत्या, लोगों ने जताया था आक्रोश
- लोगों को दिलाया सुरक्षा एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भरोसा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



गांव कादरगंज में महिला की हुई हत्या के बाद लोगों में पनपे आक्रोश को शांत करने के लिए एसपी गांव पहुंचे, उन्होंने लोगों से बात चीत की, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। लोगों से कानून पर भरोसा रखने की बात कही।

थाना सिकंदरपुर वैश्य क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कादरगंज में एक महिला की हत्या के बाद छिन्न-भिन्न हुई लोकशांति को बहाल करने एवं लोगों में पुनः विश्वास स्थापित करने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ओ0पी0 सिंह अधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे एसपी ने गांव में पैदल मार्च किया। घटना को लेकर लोगों से और अधिक जानकारी ली। उन्होंने लोगों से कहा कि कानून से किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। घटना का सही खुलासा होगा। सभी दोषी गिरफ्तार कर जेल भेजें जाएंगे। कोई भी अराजकतत्व घटना की आड़ लेकर कानून व्यवस्था से खेलेगा उसके विरुद्ध भी काफी कार्रवाई होगी। पुलिस निष्पक्ष तरीके से काम कर रही है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के अलावा थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस के अलावा अन्य थानों की पुलिस भी मौजूद रही।



## यातायात आरक्षी ने स्वामी तक पहुंचाया मोबाइल, प्रशंसा

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।** मंगलवार को राजकोल्ड चौराहा कासगंज पर ड्यूटी के दौरान आरक्षी यातायात ताज मुहम्मद की नजर सड़क पर एक मोबाइल फोन पर पडी । आरक्षी द्वारा तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन को उठाकर उसके स्वामी का पता लगाया गया । अथक प्रयासो के पश्चात मोबाइल स्वामी से संपर्क कर सत्यापन के पश्चात उक्त मोबाइल फोन को उसके वास्तविक स्वामी के सुपुर्द किया गया । अपना मोबाइल वापस पाकर फोन स्वामी ने कासगंज पुलिस और आरक्षी ताज मुहम्मद की ईमानदारी की सराहना की तथा धन्यवाद प्रकट किया गया ।

# सेवा एवं सद्भाव के साथ रोटरी क्लब ऑफ कासगंज रॉयल्स का सत्र शुरू




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

रोटरी क्लब ऑफ कासगंज रॉयल्स ने नए रोटरी सत्र 2026-27 का शुभारंभ सेवा, संस्कार एवं समाजसेवा की भावना के साथ किया। सत्र के प्रथम कार्यक्रम के रूप में क्लब द्वारा श्री राधा वल्लभ मंदिर में आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ गौसेवा और भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राधा वल्लभ मंदिर में आरती के साथ हुआ, जहाँ सभी सदस्यों ने समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं नए रोटरी सत्र की सफलताओं के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत गौमाताओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था कर गौसेवा की गई। सदस्यों ने स्वयं गौमाताओं को चारा खिलाकर भारतीय संस्कृति में गौसेवा के महत्व को आत्मसात किया। साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि रोटरी का मूल उद्देश्य ह्लस्वयं से पहले सेवाह्व की भावना के साथ समाज की सेवा करना है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नए सत्र की शुरूआत सेवा कार्यों से की गई है तथा पूरे वर्ष विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं के माध्यम से समाजसेवा का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष अक्षत अग्रवाल, सचिव ध्रुव माहेश्वरी, माधव माहेश्वरी, रोहित जैन, शुभम गुप्ता, शिवांग गुप्ता, आर्यन सौन, हर्ष अग्रवाल, नीलांशु अग्रवाल, यश अग्रवाल, आर्यांश अग्रवाल, कार्तिकेय बिड़ला, जॉनी अग्रवाल, सिद्धार्थ गर्ग, गौरांग अग्रवाल, आकांश अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# हुल्का माता मंदिर पर परंपरागत आषाढ़ मेला शुरू



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में दी आहुति, हुआ भंडारा
- सुबह से ही लगने लगा भक्तों का जमावड़ा, गूंजे जय कारे

शहर के प्राचीन मां हुल्का महारानी मंदिर पर प्रतिवर्ष लगने वाले पौराणिक आषाढ़ मेले का बुधवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर मंदिर परिसर में हवन , भंडारा हुआ। यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना की। महिलाओं ने भजन कीर्तन गाए, भंडारे का आयोजन हुआ। पौराणिक मेला 15 दिनों तक लगेगा।

सुबह से ही मां हुल्का मंदिर पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा था। मंदिर को सजाकर भव्यता प्रदान की गई थी। मौका था हुल्का महारानी मंदिर पर लगने वाले पौराणिक अषाढ़ मेले का। कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी सहित अन्य अतिथियों ने नारियल फोड़ कर किया। पालिका अध्यक्ष ने माता को चुनर उढ़ाई अतिथियों द्वारा माता की ज्योति जलाई गई, श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। लोगों प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दीपक पांडे एडवोकेट, विकास पांडेय, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सूचना सहायक आदित्य शर्मा को दी भावभीनी विदाई

**धौलपुर।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सूचना सहायक आदित्य शर्मा के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में बुधवार को विभागीय कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क राजकुमार मीना ने श्री शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का सदैव निष्ठा, समर्पण एवं व्यावसायिक दक्षता के साथ निर्वहन किया। विभागीय गतिविधियों के प्रभावी संचालन, जनसंपर्क कार्यों तथा सोशल मीडिया समन्वय में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। उनके सरल, सौम्य एवं सहयोगी व्यवहार की सभी ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने श्री शर्मा का साफा, माला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नवीन पदस्थापन स्थल पर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

अपने उद्बोधन में आदित्य शर्मा ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्य करना उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं यादगार अनुभव रहा।

## पुराने टीचरों से टेट पास कराना सरकार की उनके प्रति गलत मानसिकताः लोधी राकेश राजपूत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव/एटा कासगंज के एस आई आर प्रभारी/फिल्म अभिनेता लोधी राकेश राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिन अध्यापकों की भर्ती 10=15 साल पहले हो चुकी है उनसे अब टेट पास कराना सरकार की उनके प्रति गलत मानसिकता है। वह सभी टीचर और उनके परिजनों रिश्तेदारों शुभचिंतकों में चिंता बनी हुई है कि अगर टेट फेल हो गए तो उनको सरकार नौकरी से बाहर न कर दे। उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता को सोचना चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार धीरे धीरे पहले नौकरियों खत्म कर रही है और फिर उनकी भर्ती में टेट, सुपर टेट के माध्यम से अड़चने पैदा कर रही है। यह सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। फिर भी बेरोजगार और प्रबुद्ध लोग धर्म के नाम पर सरकार पर भरोसा कर रहे हैं। अगर समय रहते उत्तर प्रदेश की जनता धर्म के नाम पर भाजपा को वोट करती रहेगी तो वह दिन दूर न होगा कि हमारी आगामी पीढ़ी चाहे कितना भी पढ़ ले वह धीरे धीरे सरकार के शिकंजे में फंस जाएगी। इसलिए अभी भी आपके पास एक मौका है इस धर्म की आड में खेल खेल रही और अंग्रेजी शासन की ओर हमें ले जाया जा रहा है, और अगर ऐसा ही कुछ दिन हो चला तो हम फिर से गुलाम हो जाएंगे। इसलिए उत्तर प्रदेश की जनता और युवाओं, प्रबुद्ध लोगों, अध्यापकों जो बच्चों के भविष्य निमार्ता होते हैं उनको गंभीरता से सोचना चाहिए और भाजपा सरकार को समय रहते हुए उत्तर प्रदेश से उखाड़ फेंकिए और समाजवादी पार्टी की वर्ष 2027 में सरकार बनवाने में अपना अमूल्य वोट के साथ सहयोग कीजिए, तभी हम अपनी अगली पीढ़ी की सुरक्षा कर सकते हैं।

# 16 से 22 जुलाई तक जिले में मनाया जाएगा-भूजल सप्ताह

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता पर रहेगा विशेष जोर
- डीएम से अधिकारियों को दिए निर्देश

डीएम ने जनपद में 16 से 22 जुलाई तक ह्यह्यभूजल सप्ताहह्यआयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान का उद्देश्य भूजल संरक्षण, नियोजित विकास, विवेकपूर्ण उपयोग तथा अनियंत्रित दोहन पर रोक लगाने के प्रति आमजन को जागरूक करना है।

जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने बताया कि इस वर्ष भूजल सप्ताह की थीम जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों, विकास खंडों, नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषदों में सात दिवसीय सघन जल संरक्षण एवं जनजागरूकता अभियान मिशन मोड में संचालित किया जाएगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करें। साथ ही आयोजित कार्यक्रमों की सूचना एवं प्रगति आख्या समय से जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाते हुए भूजल संवर्धन एवं जल संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमे में वांछित व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सिरसागंज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नगला खंगर पुलिस टीम द्वारा थाना नगला खंगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 71/2026 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त बल्लभ पुत्र विशम्बर निवासी गढ़ी दानसहाय थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबद को नानेमऊ चौराहा से गिरफ्तार किया गया है ।

# गर्भवती महिलाओं की सघन स्वास्थ्य जांच का विशेष अभियान शुरू

**धौलपुर।** जिले में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बुधवार से पांच दिवसीय विशेष सघन स्वास्थ्य जांच अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन जिले के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच (एएनसी) की गई। जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें तत्काल आवश्यक उपचार, परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, ताकि गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं को समय रहते नियंत्रित कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि अभियान के तहत आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के माध्यम से प्रत्येक गर्भवती महिला का समयबद्ध पंजीकरण, प्रसवपूर्व जांच (एएनसी), हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, वजन, रक्त शर्करा सहित अन्य आवश्यक जांच की जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान किसी भी प्रकार के जोखिम की समय रहते पहचान कर प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भावस्था के प्रथम 12 सप्ताह के भीतर पंजीकरण तथा कम से कम चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच सुनिश्चित की जा रही हैं। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की अलग से सूची तैयार कर नियमित फॉलोअप, विशेषज्ञ परामर्श, आवश्यक उपचार एवं जरूरत पड़ने पर समय पर उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर करने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के लिए लेबर रूम एवं ऑपरेशन थिएटर की मानक गाइडलाइन का पालन कराया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दवाओं, रक्त, जीवनरक्षक उपकरणों तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे गर्भावस्था के दौरान निर्धारित समय पर सभी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं तथा संस्थागत प्रसव को अपनाएं। समय पर जांच, उचित उपचार और सुरक्षित प्रसव से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

# धूमधाम से हुआ एटा एसोसिएशन ऑफ द डेफ का प्रथम वार्षिक समारोह

## _दिव्यांगजनों का सम्मान समाज का सम्मान है : राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।



शांति नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एटा एसोसिएशन ऑफ द डेफ द्वारा संस्था का प्रथम वार्षिक समारोह एवं स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शारदा कृपा सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय रहीं। उन्होंने केक काटकर समारोह का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय ने कहा कि दिव्यांगजन किसी की सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मविश्वास और समान अवसर के अधिकारी हैं। उनकी सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि अगले वर्ष संस्था का वार्षिक समारोह और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित कराने में हरसंभव सहयोग देंगी।

इस अवसर पर संस्था के सक्रिय कार्यकताओं हरिओम गुप्ता, नितिन गुप्ता एवं अनुराग कुमार को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी दिव्यांग भाई-बहनों का पटका एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। संस्था की ओर से मुख्य अतिथि राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय का राधा-कृष्ण की सुंदर चित्रकला भेंट कर अभिनंदन किया गया।

समारोह में संस्था के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता की अध्यक्षता में नितिन गुप्ता को नया चेयरमैन चुना गया। कार्यक्रम में मूक-बधिर समाज में एकता, सशक्तीकरण, जागरूकता, सामाजिक समावेशन एवं आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में चेयरमैन नितिन गुप्ता, अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव अनुराग कुमार, संयुक्त सचिव रतन कुमार, महिला सचिव वीटा देवी, सदस्य आशीष द्विवेदी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं संवाद में इंटरप्रेटर आरती शर्मा की विशेष भूमिका रही।

# ‘उन्होंने मुझे मेरा गेम समझाया’

## सुंदर ने गंभीर और नेहरा को दिया अपनी बल्लेबाजी में हुए सुधार का श्रेय

**एजेंसी, बर्मिंघम।**

भारत के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। सुंदर ने हेड कोच गौतम गंभीर और गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा को अपनी बैटिंग में बेहतर समझ विकसित करने का श्रेय दिया है।

एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में अहम नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद उन्होंने कहा कि अलग-अलग फॉर्मेट में उनके विकास में इन दोनों के मार्गदर्शन ने बड़ी भूमिका निभाई है। सुंदर ने अक्षर पटेल के साथ मिलकर 102 रनों की अटूट साझेदारी निभाई, जिसके दम पर भारतीय टीम सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रही। एक बल्लेबाज के तौर पर अपने विकास के बारे में बात करते हुए सुंदर ने कहा कि तैयारी और उनके आस-पास के लोगों द्वारा उन पर दिखाए गए भरोसे ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए कहा, "मैं बहुत अच्छी तैयारी करने की कोशिश करता हूं। तैयारी के मामले में, मैं यह पक्का करता हूं कि मैं सब कुछ पूरी तरह से करूं। मैं तैयारी को बहुत महत्व देता हूं, और मैं बहुत आभारी हूं कि लोगों ने हमेशा मेरी



काबिलियत पर भरोसा किया है।"

उन्होंने आगे कहा, "यहां गौतम गंभीर ने हमेशा मुझे समझाया कि मैं बैट से असल में क्या कर सकता हूं, और मुझे अपना गेम समझने में भी मदद की। वहीं, गुजरात टाइटंस में आशीष नेहरा ने भी हमेशा यह पक्का किया है। उन्होंने मुझे खुद को और बेहतर ढंग से समझने में मदद की है, चाहे एक इंसान के तौर पर हो या एक क्रिकेटर के तौर पर। इसी वजह से मैं सच में आभारी हूं कि मेरे आस-पास ऐसे लोग हैं जो हर दिन मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद कर रहे हैं।"

"मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है, खासकर मेरे लिए। एक ऑलराउंडर के तौर पर मुझे लगता है कि हर दिन बेहतर होते रहना, अपने खेल को समझना और जाहिर है कि, हालात के हिसाब से खेलना बहुत जरूरी है। ज्यादा मैच खेलने से आपको उन हालात का सामना करने, यह समझने कि आप असल में क्या कर सकते हैं, और बहुत कुछ सीखने में भी मदद मिलती है। मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि मुझे ऐसे लोग मिले जिन्होंने हमेशा मेरी स्किल्स पर भरोसा किया और मुझे यह भी समझाया कि अलग-अलग स्किल्स में मैं असल में क्या कर सकता हूं।"

सुंदर को पिछले कुछ वर्षों में बैटिंग की कई जिम्मेदारियां दी गई हैं, जैसे फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में ओपनिंग करना, मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करना और व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में मैच फिनिश करना। उन्होंने कहा कि इन बदलती जिम्मेदारियों को अपनाने से उन्हें एक बेहतर और संपूर्ण क्रिकेटर बनने में मदद मिली है।

ह्लपिछले कुछ वर्षों में मैंने यह समझा है कि मुझे अपनी स्किल्स को बेहतर करते रहना होगा, जिससे जरूरत पड़ने पर मुझे मदद मिलेगी। इसके साथ ही अलग-अलग रोल निभाना रोमांचक है। बहुत कम लोगों को अलग-अलग रोल निभाने का मौका मिलता है। मुझे उन अलग-अलग रोल को निभाने और अलग-अलग हालात में रहने का मौका मिलता है। मैं टीम को जिताने की पूरी कोशिश करता हूं।"

उन्होंने आगे कहा, "खेल के अलग-अलग हालात और अलग-अलग दौर में रहना रोमांचक होता है। हालांकि, जैसा मैंने कहा कि हर दिन, खासकर मेरे लिए, बेहतर होते रहना जरूरी है। हम कम समय में अलग-अलग फॉर्मेट खेलते हैं। इसी वजह से फॉर्मेट बदलने के बीच शायद ही कोई बदलाव किया जा सकता है। मुझे लगता है कि कुल मिलाकर मैं जितनी अच्छी तैयारी कर सकता हूं, करूंगा, ताकि जब मौका आए तो मैं तैयार रहूं। यही मेरी सोच है।"

# फीफा वर्ल्ड कप: 'हाईवोल्टेज' सेमीफाइनल मैच में मजबूत इंग्लैंड से गत विजेता अर्जेंटीना का सामना

**एजेंसी, अटलांटा।**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का दूसरा सेमीफाइनल बुधवार देर रात 12.30 बजे से (भारतीय समय के अनुसार) अटलांटा स्टेडियम (जॉर्जिया) में खेला जाएगा। इस मुकाबले में साल 1966 की चैंपियन इंग्लैंड की भिड़ंत गत विजेता अर्जेंटीना से होगी। इस 'हाईवोल्टेज मैच' में दोनों टीमों के लिए फाइनल का अंतिम टिकट दांव पर होगा। इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच मुकाबले लंबे समय से राजनीतिक तनाव और यादगार खेल मुकाबलों से जुड़ी ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता से तय होते रहे हैं, जिससे हर मुकाबले पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहती हैं। वर्ल्ड कप में उनकी पिछली भिड़ंत बरसों पहले हुई थी, जिससे यह नया अध्याय टूनार्मेंट के बहुप्रतीक्षित मुकाबलों में से एक बन गया है। अर्जेंटीना भले ही डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर सेमीफाइनल में उतर रहा है, लेकिन खिताब बचाने का उनका सफर आसान नहीं रहा। लियोनेल स्कालोनी की टीम ग्रुप स्टेज से तो आसानी से आगे बढ़ गई, लेकिन नॉकआउट के सफर में उनकी हिम्मत और जज्बे की बार-बार परीक्षा हुई। काबो वर्डे और स्विट्जरलैंड को हराने के लिए इस टीम को एक्स्ट्रा टाइम की जरूरत पड़ी। 'राउंड ऑफ 16' में मिस्र के खिलाफ 'मेसी एंड कंपनी' ने 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की थी।



दूसरी तरफ, थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लैंड का सफर तुलनात्मक रूप से ज्यादा स्थिर रहा है। दबाव में 'थ्री लायंस' ने डिफेंस में अनुशासन और संयम दिखाया है। हालांकि, उनके प्रदर्शन में कभी-कभी उम्मीदों के मुताबिक कमी देखी गई है। ऐसा लगा है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के बावजूद टीम ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है।

### इंग्लैंड की टीम:

गोलकीपर: जॉर्डन पिकफोर्ड, डीन हेंडरसन, जेम्स ट्रैफर्ड।

**डिफेंडर:** एजरी कोंसा, निको ओ'रेली, जॉन स्टोन्स, मार्क गुएही, टीनो लिवरामेंटो, डैन बर्न, रीस जेम्स, जेड स्पेंस, जेरेल क्वांसाह।

मिडफील्डर: डेक्लान राइस, इलियट एंडरसन, जूड बेलिंगहैम, जॉर्डन हेंडरसन, कोबी मैनू, मॉर्गन रोजर्स, एबेरेची एजे।

फॉरवर्ड: बुकायो साका, हैरी केन, मार्कस रैशफोर्ड, एंथोनी गॉर्डन, ओली वॉटकिंस, नोनी मडुके, इवान टोनी।

### अर्जेंटीना की टीम:

गोलकीपर: एमिलियानो मार्टिनेज, गेरोनिमो रूली, जुआन मुसो।

डिफेंडर: नाहुएल मोलिना, गोंजालो मोंटिएल, क्रिस्टियन रोमेरो, लियोनार्डो बालेरडी, निकोलस ओटामेंडी, लिसेंड्रो मार्टिनेज, निकोलस टैग्लियाफिको, फैसुंडो मदीना।

**मिडफील्डर:** लिएंड्रो पेरेडेस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, रोड्रिगो डी पॉल, जियोवानी लो सेल्सो, एक्सक्विएल पलासियोस, एंजो फर्नांडीज, वैलेन्टिन बारको।

फॉरवर्ड: लियोनेल मेसी, जूलियन अल्वारेज, लाउ तारो मार्टिनेज, थियागो अल्माडा, निकोलस पाज, निकोलस गोंजालेज, गिउलिआनो शिमोन, जोस मैनुअल लोपेज।

# मनोरंजन

## तलाक के 12 साल बाद फिर दुल्हन बन सकती हैं जेनिफर?

जेनिफर विंगेट अपनी पर्सनल लाइफ में एक नया अध्याय शुरू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस गुरुवार को यूनाइटेड किंगडम में एक प्राइवेट सेरेमनी में विलियम इश्माएल के साथ शादी करेंगी। बताया जाता है कि यह एक प्राइवेट इवेंट होगा जिसमें सिर्फ परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे।

**विलियम इश्माएल कर रही थीं डेट**

बॉम्बे टाइम्स के मुताबिक जेनिफर विंगेट कल यानी गुरुवार को यूनाइटेड किंगडम में विलियम इश्माएल के साथ शादी करेंगे। काफी समय से जेनिफर और विलियम इश्माएल के डेटिंग की खबरें आ रही थीं।

**करण सिंह ग्रोवर से अलग हुईं अभिनेत्री**

जेनिफर विंगेट की पर्सनल लाइफ अक्सर चर्चा में रही है। एक्ट्रेस ने कुछ साल तक डेटिंग करने के बाद 9 अप्रैल, 2012 को अपने 'दिल मिल गए' के को-स्टार करण सिंह ग्रोवर से शादी की थी। हालांकि, उनकी शादी दो साल के अंदर ही खत्म हो गई और 2014 में वे अलग हो गए।

**अभिनेत्री ने किया करियर पर फोकस**

इसके बाद से जेनिफर अपने करियर पर फोकस कर रही हैं। अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात करने से काफी हद तक दूर रही हैं। इन वर्षों में जेनिफर ने कई शो में काम किया है। इनमें 'कसौटी जिंदगी की', 'सरस्वतीचंद्र', 'बेहद', 'बेपनाह' और 'दिल मिल गए' शामिल हैं। उन्हें 'बेहद' में माया मेहरोत्रा के रोल को काफी तारीफ मिली।

**जेनिफर विंगेट का वर्कफ्रंट**

जेनिफर ने 'कोड एम' और 'रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी' जैसे प्रोजेक्ट्स के साथ ओटीटी स्पेस में कदम रखा है। उन्होंने एक बहुमुखी कलाकार के तौर पर अपनी पहचान और मजबूत की है। वह जल्द ही परिणीति चोपड़ा के साथ 'तलाश: अ मदर्स सर्च' नाम के एक और डिजिटल प्रोजेक्ट में नजर आएंगी।



## 100 करोड़ क्लब के करीब पहुंची फिल्म ‘धमाल 4’




एक्शन फिल्मों के अलावा अजय देवगन कॉमेडी फिल्मों में भी खूब रंग जमाते हैं। हाल ही में उनकी कॉमेडी फिल्म ‘धमाल 4’ रिलीज हुई। इस फिल्म ने छठे दिन कितना कलेक्शन किया है? यह 100 करोड़ क्लब में शामिल होने से कितनी दूर है?

**‘धमाल 4’ ने छठे दिन कितना कमाया?**

सैकनिल्क के मुताबिक इंद्र कुमार निर्देशित और अजय देवगन स्टारर फिल्म ‘धमाल 4’ ने छठे दिन 3.05 करोड़ रुपये कमाए हैं, यह फिल्म का शुरूआती कलेक्शन है। जबकि इस फिल्म ने पांचवें दिन 9.50 करोड़ रुपये कमाए थे। रिलीज के बाद से फिल्म की कमाई में उतार-चढ़ाव लगा है लेकिन अब भी यह करोड़ रुपये में कमाई कर रही है।

**क्या 100 करोड़ क्लब में होगी शामिल**

‘धमाल 4’ फ्रैंचाइजी की फिल्म ‘टोटल धमाल’ ही 183.68 करोड़ रुपये का कलेक्शन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कर पाई थी। अगर बात ‘धमाल 4’ की करें तो इसने अब तक कुल 86.30 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह फिल्म वीकेंड तक शायद 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाए। बता दें कि फिल्म ‘धमाल 4’ फ्रैंचाइजी की ही दो फिल्मों ‘धमाल 4’ ने 45.60 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया था। वहीं ‘डबल धमाल’ ने कुल 59.54 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

**किन फिल्मों से है थिएटर में ‘धमाल 4’ का मुकाबला**

फिल्म ‘धमाल 4’ के अलावा इन दिनों ‘अल्फा’ और ‘वेलकम टू द जंगल’ जैसी बॉलीवुड फिल्में भी बॉक्स ऑफिस मौजूद हैं। ‘अल्फा’ ने रिलीज के 13वें दिन 28 लाख रुपये कमाए हैं। जबकि ‘वेलकम टू द जंगल’ ने रिलीज के 20वें दिन 21 लाख रुपये कमाए हैं। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ‘धमाल 4’ का ही बोलबाला है।

**‘धमाल 4’ की क्या है कहानी?**

फिल्म की कहानी में समुद्री डाकू हैं, एक खजाने के सुराग हैं और कुछ लोग इसकी खोज में निकले हैं। इस पूरी सिचुएशन के साथ फिल्म में कॉमेडी दर्शकों को देखने को मिलती है। इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, अरशद वारसी, रवि किशन, ईशा गुप्ता, अंजलि आनंद जैसे एक्टर्स के अलावा एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। फिल्म में वीएफएक्स का भी जमकर इस्तेमाल किया गया है।



## हमेशा से मां बनना चाहती थीं सामंथा, प्रेग्नेंसी को लेकर कही दिल की बात

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और फिल्ममेकर राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने दिसंबर 2025 में शादी की थी और जून में अपनी प्रेग्नेंसी की खबर फैंस के साथ शेयर की थी। अब हाल ही में सामंथा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर दिल की बात कही है।

**मां बनने को लेकर क्या बोलीं सामंथा?**

पिंकविला को दिए इंटरव्यू में सामंथा ने कहा कि उनके लिए ये समय बिल्कुल नया और बहुत खास है। उन्होंने कहा, ह्ये सब मेरे लिए नया और एक्साइटिंग है। लेकिन मैं इस पल का काफी समय से इंतजार कर रही थी। मैं हमेशा से मां बनना चाहती थी, और अब मैं इसमें अपना पूरा दिल लगा दूंगी।

**नई ताकत और नया एहसास**

सामंथा ने बताया कि प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें अपने अंदर एक अलग तरह की ताकत और उद्देश्य महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, ‘‘मैं हमेशा से अपनी जिंदगी को लेकर पैशनेट रही हूं, लेकिन अब मुझे एक नई ताकत और मकसद महसूस होता है। मैं इस सफर को लेकर बहुत एक्साइटेड हूं और हर दिन कुछ नया सीख रही हूं।’’

## राघव जुयाल संग डेटिंग की अफवाहों पर शहनाज गिल ने तोड़ी चुप्पी



हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इनकार**

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया।

**फैंस से की फिल्म देखने की अपील**

शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें।

**कब रिलीज होगी 'भाई तेरा स्टार है'**

फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे, साथ ही संजय कपूर और निहारिका एनएम भी प्रमुख किरदारों में हैं।

## विक्रांत मैसी की सादगी पर फिदा हुईं महिमा मकवाना

अभिनेता विक्रांत मैसी और अभिनेत्री महिमा मकवाना जल्द ही आगामी फिल्म 'मुसाफिर कैफे' में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान महिमा मकवाना ने अपने को-स्टार की तारीफ करते हुए बताया कि करियर में बड़ी सफलता हासिल करने के बावजूद विक्रांत वही इंसान हैं जिन्हें वह सालों पहले जानती थीं।

अभिनेत्री ने बताया कि विक्रांत के साथ उनकी पहली मुलाकात टीवी सीरियल 'बालिका वधू' के सेट पर हुई थी, जब वह महज 10 साल की थीं। अभिनेत्री महिमा मकवाना ने कहा, "इतने वर्षों के बाद भी विक्रांत में कोई बदलाव नहीं आया। वे सबसे दयालु, मेहनती और सच्चे इंसान है। ये खूबियां उनके काम में दिखती हैं।"

अभिनेत्री महिमा मकवाना ने यह भी कहा कि 'मुसाफिर कैफे' में विक्रांत मैसी के साथ दोबारा काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वहीं, विक्रांत ने भी महिमा मकवाना के साथ काम करने को शानदार अनुभव बताया। महिमा मकवाना ने टेलीविजन शो 'बालिका वधू' में युवा गौरी सिंह का रोल किया था। उनके कैरेक्टर को एक छोटे से कैमियो के जरिए इंट्रोड्यूस किया गया था, जिसमें एक युवा लड़की थी जो जग्या (अविनाश मुखर्जी) से शादी करने वाली थी, उस समय जब आनंदी मेंटल हेल्थ की दिक्कतों से जूझ रही थी।

दूसरी तरफ, विक्रांत मैसी ने पॉपुलर हिंदी टेलीविजन सीरीज 'बालिका वधू' में श्याम मदन सिंह का किरदार निभाया था। वह 2009 से 2010 तक इस शो से जुड़े रहे, जो टेलीविजन पर उनके शुरुआती शो में से एक था।

'मुसाफिर कैफे' रुचिर अरुण द्वारा निर्देशित रोमांटिक ड्रामा है, जो प्यार और रिश्तों के उलझाव पर आधारित है। इसमें एक सफर के दौरान होने वाले प्यार और यादों की कहानी दिखाई गई है। यह फिल्म हिंदी साहित्यकार दिव्या प्रकाश दुबे द्वारा लिखा गया एक बेहद लोकप्रिय और भावनात्मक उपन्यास है।

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना अभिनीत फिल्म 'मुसाफिर कैफे' 24 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है।

